
रोहतक
शनिवार, 6 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी+त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 69
पृष्ठ 12 मूल्य 3.50

मौसम
अधि. 35.0
न्यून. 20.2

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



07 दस साल का काम तो ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है : पीएम मोदी



### अंबाला में वारदात, बहन को पत्र लिख मांगे चार लाख

# कर्ज चुकाने के लिए पड़ोसी ने अगवा कर किशोर को मार डाला

**लावारिस खड़ी कार की डिक्की में रखे सूटकेस से बरामद हुआ शव, 3 दिन से गायब था गौरव | ग्रामीण बोले-सुबह 9 बजे आई थी कार, आ रही थी बदबू, डिक्की खोलकर देखा तो हुआ खुलासा**

## एक हिरासत में, मुख्य आरोपित अश्वनी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट में तीन दिन से लापता एक किशोर का शव शुक्रवार को को लावारिस खड़ी कार की डिक्की में रखे सूटकेस से गली सड़ी अवस्था में बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पड़ोसी ने ही कर्ज उतारने के लिए किशोर को अगवा किया था। उसने किशोर की बहन और पिता को पत्र लिखकर चार लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रुपये न मिलने पर किशोर की हत्या कर दी। किशोर के पिता ने गुरुवार को गुमशुदगी की शिकायत पड़ाव थाने में दर्ज कराई थी। हिम्मतपुरा का गौरव तीन दिन पहले लापता हो गया था। 13 साल के गौरव के लापता होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। बताते हैं कि फिरौती के लिए गौरव का अपहरण किया गया था। उसकी बहन को लेटर के जरिए 4 लाख की फिरौती की मांग की गई थी। फिरौती न देने पर आरोपितों ने किशोर की हत्या कर दी।







**ऐसे हुआ खुलासा:** शुक्रवार सुबह लोगों को दूधला मंडी के पास कार लावारिस हालत में खड़ी मिली। जब इसे खोलकर देखा तो डिग्गी में सूटकेस मिला। सूटकेस से दुर्गंध आ रही थी। जब उसे खोलकर देखा तो किशोर का शव निकला।

### पड़ोसी ले गया, सुनसान जगह छिपाया और फिर हत्या

- डीएसपी रजत गुलिया के अनुसार, देवी सहाय के घर के पास अश्वनी रहता है। उसने रिंकू से एक लाख 80 हजार का कर्ज ले रखा है। बदले में अपनी होंडा सिटी गाड़ी रिंकू के पास गिरवी रखी थी। कुछ दिन पहले अश्वनी ने रिंकू से जल्द पैसे लौटाने का वायदा कर उससे अपनी गाड़ी ले ली। कर्ज चुकाने के लिए ही अश्वनी ने गौरव का अपहरण किया।
- बुधवार को वह गौरव को उठाकर ले गया। उसे किसी सूनसान जगह पर छुपा दिया। किसी को शक न हो वह गौरव के परिजनों के साथ उसे तलाशने का नाटक करता रहा। अश्वनी ने ही सहाय को फिरौती का पत्र लाकर दिया। कहा कि उसकी बाइक पर कोई इसे छोड़ गया है। इस पत्र में 4 लाख फिरौती की मांग की गई थी। पुलिस ने बताया है कि अश्वनी ही वारदात का मुख्य आरोपित है।
- पैस न मिलने पर अश्वनी ने ही गौरव की कर शव सूटकेस में डाला और गाड़ी की डिग्गी में डालकर गाड़ी रिंकू के घर के आगे खड़ी कर गया। मुख्य आरोपित अश्वनी अभी फरार है, जबकि पुलिस ने रिंकू को हिरासत में ले लिया है।

### गाड़ी से यह बरामद

पुलिस ने गाड़ी से एक डायरी, अलग-अलग बैंक की पासबुक, पानी की बोतल, कांच का गिलास, चश्मा समेत अन्य सामान कब्जे में लिया है। पुलिस के अनुसार गौरव के पिता देवी सहाय रेलवे में नौकरी करते हैं। उन्होंने गुरुवार को पुलिस को शिकायत दी थी कि गौरव 3 अप्रैल को शाम 4:30 बजे घर से लापता हुआ था। तब पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। गौरव परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी 4 बहनें हैं। वह 9वीं क्लास में पढ़ता था।

### पुलिस की चार्जशीट में दावा: रोहतक में पिता ने ही की थी 3 बच्चों की हत्या

**रोहतक।** गांव कबूलपुर में पिता ने ही चार बच्चों को रसगुल्लों में जहर दिया था। इसके कारण 3 बच्चों (दो बेटी व एक बेटे) की मौत हो गई थी, जबकि एक बच गया। तीनों बच्चों की हत्या मामले में 3 मुख्य कारण सामने आए हैं। जिसको लेकर पुलिस ने 150 पेज की चार्जशीट शुक्रवार को कोर्ट में दाखिल की है। पुलिस की चार्जशीट में सामने आया है कि आरोपित सुनील को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था। आरोपी सुनील मानता था कि ये बच्चे उसके नहीं है। सुनील पर कर्ज भी था। इसलिए उसने यह कदम उठाया। इसके बाद पुलिस ने सुनील के खिलाफ 150 पेज की चार्जशीट तैयार की है। जिसमें सुनील की पत्नी सहित कुल 22 गवाह बनाए गए हैं।



4 बच्चों को रसगुल्लों में दिया जहर पत्नी के चरित्र पर करता था शक

## यूपी में मदरसा एक्ट रद करने के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**■ शीर्ष कोर्ट ने कहा-17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा | ■ सभी को दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करना ठीक नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था। इसके साथ ही केंद्र सरकार और यूपी सरकार से जवाब भी मांगा। कोर्ट का कहना है कि हाईकोर्ट के फैसले से 17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। छात्रों को दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करने का निर्देश देना ठीक नहीं है। 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मदरसा बोर्ड की याचिका पर सुनवाई की।



### पहले की तरह मदरसे चलते रहेंगे

बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट प्रथमदृष्टया सही नहीं है। ये कहना गलत होगा कि यह मदरसा एक्ट धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन करता है। यहां तक कि यूपी सरकार ने भी हाईकोर्ट में मदरसा एक्ट का बचाव किया था। इसके जवाब में यूपी सरकार की तरफ से एएसजी केएम नटराज ने कहा, 'हमने हाईकोर्ट में जरूर इस एक्ट का बचाव किया था, मगर कोर्ट ने इस एक्ट को असंवैधानिक करार दे दिया था।' सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मदरसा बोर्ड में पढ़ाई कर रहे छात्रों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यानी कि बिना मान्यता प्राप्त मदरसे पहले की तरह चलते रहेंगे।

## आयुर्वेद व योग को आयुष्मान योजना में शामिल करने पर विचार करे सरकार

**दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लिया जाए**
**■ आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर दिया आदेश**

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र से उस याचिका को प्रतिवेदन के तौर पर स्वीकार करने कहा, जिसमें आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा को राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत पीएस आरोड़ा की पीठ ने प्रतिवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का निर्देश देने के बाद जनहित याचिका का निस्तारण कर दिया। कोर्ट ने आयुष मंत्रालय द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए यह आदेश जारी किया। हलफनामे में कहा गया है कि भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल करने के लिए कदम उठाने के वास्ते स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय किया जा रहा है। इससे लोगों को लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### कम मतदान वाली 266 संसदीय सीटों की पहचान

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसने कम मतदान वाले कुल 266 संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है। लोकसभा चुनावों में इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए योजना है। इन 266 संसदीय क्षेत्रों में से 215 ग्रामीण इलाकों में हैं। प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों, बिहार और यूपी के चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) ने ऐसी सीटों पर मतदान बढ़ाने का प्लान तैयार किया है। भाषा

### अब कविता से सीबीआई जेल में करेगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की सीबीआई को अनुमति दे दी। अब भ्रष्टाचार के अपराध में उनकी गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है। कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। भाषा



### घाटी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक आतंकवादी को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने जिले के उरी इलाके में सबुरा नाला रुस्तम में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठियों को ललकारा। इस पर घुसपैठियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में आतंकी मारा गया। भाषा

## यूएन को जयशंकर का जवाब भारत में चुनाव की चिंता न करे

**दूसरों को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि चुनाव कैसे करवाना है**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को यूएन को करारा जवाब देते हुए कहा कि उसे भारत में निष्पक्ष चुनाव को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है। किसी भी ग्लोबल बॉडी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि चुनाव कैसे होना चाहिए। भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। दूसरे देश को हमारे बारे में यह चिंता करने की जरूरत नहीं है। जयशंकर ने केरल के भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के लिए प्रचार के दौरान यूएन की टिप्पणी का जवाब दिया।



**यूएन ने केजरी की गिरफ्तारी पर कहा था, चुनाव निष्पक्ष हों, मतदान में सभी को बराबरी का हक मिले**


### यह कहा था यूएन ने

29 मार्च को यूएन जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के हकों की रक्षा की जाएगी। चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए। दुजारिक से दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भारत में बने सियासी माहौल पर सवाल किया गया था। इसके जवाब में स्टीफन ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने की बात कही थी।

## जेल से सरकार चलाने के लिए केजरी को विशेष छूट नहीं दी जा सकती: ईडी

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपने वकील के साथ और मुलाकात की अनुमति देने का अनुरोध संबंधी उनकी अर्जी का एक अदालत में शुक्रवार को विरोध किया और कहा कि महज इसलिए उन्हें विशेष छूट नहीं दी जा सकती कि वह जेल के अंदर से सरकार चलाना चाहते हैं। ईडी ने सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष ये दलीलें दीं, जिन्होंने केजरीवाल की अर्जी पर आदेश सोमवार के लिए सुरक्षित रख लिया।



### केजरीवाल के वकील बोले

केजरीवाल के वकील ने न्यायाधीश से कहा कि राजनीतिक नेता के खिलाफ कई मामले लंबित हैं और हफ्ते में एक घंटे मुलाकात का समय अपर्याप्त है। वकील ने कहा, 'यह सर्वाधिक मूलभूत कानूनी अधिकार है। संजय सिंह को तीन बार मुलाकात करने की अनुमति दी गई जबकि उन पर केवल पांच या आठ मामले थे।'

### बेंगलुरु ब्लास्ट: मुख्य और सह-आरोपित पहचाने गए

**बेंगलुरु(भाषा)।** रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर रही एनआईए ने शुक्रवार को बताया कि मामले में मुख्य और सह-आरोपित पहचान हो गई है। मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपित व अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपित है। मुसाविर ही कैफे में विस्फोटक लेकर गया था। दोनों ही शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। जांच एजेंसी ने इस केस में भाजपा कार्यकर्ता साई प्रसाद को को हिरासत में लिया है।


**मौद्रिक नीति** | आरबीआई ने 6.5% पर रेपो रेट बरकरार रखी

# अभी सस्ते नहीं होंगे लोन ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी

***रेपो रेट में लगातार सातवीं बार बदलाव नहीं 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान***

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार सातवीं बार नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5% पर बरकरार रखा। यानी अभी लोन सस्ते नहीं होंगे और ईएमआई ज्यों की त्यों रहेगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी 2023 में दरें 0.25% बढ़ाकर 6.5% की थीं। 3 अप्रैल से चल रही मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को दी। ये मीटिंग हर दो महीने में होती है। आरबीआई ने इससे पहले फरवरी में हुई बैठक में ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की थी। महंगाई को चार प्रतिशत पर लाने और वैश्विक अनिश्चितता के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से नीतिगत दर को यथावत रखा गया है। साथ ही केंद्रीय बैंक ने 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के सात प्रतिशत पर रहने के अनुमान को भी कायम रखा है।

### खुदरा मुद्रास्फीति अनुमान 4.5 प्रतिशत



चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। रेपो वह ब्याज दर है, जिसपर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इसका उपयोग करता है। रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का मतलब है कि मकान, वाहन समेत विभिन्न कर्जों पर मासिक किस्त (ईएमआई) में बदलाव की संभावना कम है।

**यूपीआई के जरिये बैंकों में नकदी जमा करने की मिलेगी सुविधा**

### मुख्य बातें

- ग्रामीण मांग बढ़ने से 2024-25 में उपभोग से आर्थिक वृद्धि को समर्थन की उम्मीद।
- सामान्य मानसून की उम्मीद के बीच रबी गेहूं की अच्छी फसल व खरीफ फसल की संभावनाएं बेहतर।
- अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में सॉवरेन हरित बॉन्ड के कारोबार की अनुमति
- सरकारी प्रतिभूतियों में खुदरा भागीदारी की सुविधा के लिए एक मोबाइल ऐप पेश किया जाएगा।






सिरसा

# भाजपा को छोड़कर बाकी दलों के उम्मीदवारों के उतरने पर टिकी नजरें

## कांग्रेस से कुमारी सैलजा मानी जा रही प्रबल दावेदार, केहरवाला, रोड़ी व जरनैल सिंह भी लाइन में, इनेलो डॉ. सीताराम पर लगा सकती है दांव

पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के गृह जिला सिरसा में लोकसभा में 9 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें फतेहाबाद जिलो की तीन व जींद की नरवाना शामिल है। प्रत्याशी घोषित होते ही चढ़ेगा सियासी पारा

महाबीर गोदारा ▶▶ सिरसा

पंजाब व राजस्थान की सीमा से सटी सिरसा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारों को लेकर अटकलों का बाजार जोरों पर है। यहां पर केवल भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. अशोक तंवर को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस, इनेलो व जजपा के उम्मीदवारों को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं जारी हैं। नवरात्रों में दूसरे दलों के उम्मीदवारों की भी घोषणा होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बाकी बचे दलों के उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही सिरसा का राजनीतिक पारा चढ़ना शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के गृह जिला सिरसा में लोकसभा में 9 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें फतेहाबाद जिला की तीन व जींद की नरवाना शामिल है। हालांकि जिला के साथ लगते राजस्थान के चुरू लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां जोरों पर है और यहां पर पहले चरण में ही मतदान है। ज्यादातर सिरसा लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला कांग्रेस व पूर्व उपप्रधानमंत्री रहे चौ. देवीलाल व उनके उत्तराधिकारी बड़े पुत्र ओमप्रकाश चौटाला की पार्टी के बीच ही होता रहा है।


कु.सैलजा


चरणजीत रोड़ी


डॉ. सीताराम

### सियासी समीकरण बदले

पिछली बार मोदी लहर में जरूरी भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली थी। अब सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सियासी समीकरण पूरी तरह से बदले हुए हैं। इनमें एक मुख्य वजह चौटाला परिवार के बीच बिखराव भी माना जा रहा है। कांग्रेस की ओर से एक बार फिर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। शैलजा ने अपने सियासी कैरियर की शुरूआत भी पिता के देहांत के बाद सिरसा से ही की थी और उसके बाद वह यहां से दो बार सांसद रही। पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के साथ अनबल के चलते शैलजा ने सिरसा छोड़कर अंबाला की ओर रूख कर लिया, लेकिन उनका जुड़ाव सिरसा से निरंतर बना रहा। पिछले सप्ताह कुमारी शैलजा का सिरसा में एक दिवसीय दौरा भी उनके दावेदारी से ही जोड़कर देखा जा रहा है।

### टिकट के लिए ये बन रहे समीकरण

कुमारी सैलजा के अलावा इनेलो से राजनीति की शुरूआत करने वाले पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, कालांवाली से विधायक शीशपाल केहरवाला व रतिया से पूर्व विधायक रहे जरनैल सिंह भी टिकट के दावेदार बताए जा रहे हैं। राजनीतिक प्रवेक्षकों के मुताबिक कुमारी शैलजा पार्टी के सभी दावेदारों में सशक्त मानी जा रही है और उनका यहां से चुनाव लड़ना लगभग तय मान जा रहा है। इनेलो एक बार फिर पूर्व विधायक डॉ. सीताराम पर ही दाव लगाने जा रही है। पिछली बार भी डॉ. सीताराम ही चुनाव लड़े थे, लेकिन उनको बहुत कम वोट मिले, जिसके पीछे इनेलो की टूट के बाद डॉ. अजय चौटाला की जजपा का अस्तित्व में आना माना जा रहा है। जजपा ने पूर्व लोकसभा चुनाव में निर्मल सिंह मलड़ी को उम्मीदवार बनाया था। निर्मल सिंह मलड़ी व डॉ. सीताराम दोनों ही जमानत नहीं बचा पाए थे। इस बार जजपा नए चेहरे पर दांव लगा रही है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक बरौदा से विधायक रहे रमेश खटक को जजपा इस बार यहां से उम्मीदवार बना सकती है। भाजपा ने सबसे पहले उम्मीदवार घोषित करके चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। हालांकि सांसद सुनीता दुग्गल का टिकट काट कर 53 दिन पहले चार अलग-अलग पार्टियों से होते हुए भाजपा में शामिल होने वाले अशोक तंवर को उम्मीदवार बनाया है। अशोक तंवर पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार थे और वे भाजपा की सुनीता दुग्गल से बड़े अंतर से चुनाव हार गए थे। अब अशोक तंवर खुद भाजपा की टिकट पर लड़ रहे है और उनके समर्थन में 6 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा 7 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रचार के लिए आ रहे हैं।


पूरी खबर की जानकारी के लिए स्कैन करें

---

दिनभर की सियासी हलचल

## कांग्रेस के न्याय पत्र में समाज के हर वर्ग का ख्याल रखा

**चंडीगढ़।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक अरोड़ा शुक्रवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कांग्रेस के आज जारी किए गए न्याय घोषणा पत्र को ऐतिहासिक बताया है।उन्होंने कहा आज देश के सभी वर्ग भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों से परेशान है। कांग्रेस ने अपनी घोषणा पत्र में उन्हें मुद्दों को शामिल किया है जिनकी वजह से लोग परेशान है[ अरोड़ा ने कहा बीजेपी ने किसानों के आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन कभी भी कर्ज़ माफी और एमएसपी गारंटी कानून को लेकर कभी भी सहमति नहीं दिखाई, जिसके चलते किसान परेशान है।उन्होंने कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में ना केवल कर्ज माफी का वादा किया है, बल्कि किसानों को स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के आधार पर एमएसपी की गारंटी भी दी जाएगी।


अशोक अरोड़ा

## कांग्रेस के बड़े नेता हार के डर से नहीं लड़ रहे चुनाव : दुष्यंत

**उचाना/चंडीगढ़।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चुनाव लड़ने से डर रहा है क्योंकि जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं के आ रहे हैं, उनके मन में अगर डर है तो सिर्फ जननायक जनता पार्टी का है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस को खुद पर विश्वास नहीं है और आने वाले चुनाव दर्शा देंगे कि कांग्रेस की क्या हालात हैं। उचाना हलके के सुदकैन कलां गांव में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरसों की खरीद में पोर्टल सिस्टम से हो रही किसानों को परेशानी पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि4 साल हमारा यही प्रयास रहा कि फसलों को किस प्रकार अच्छे से खरीदा जाए। हम सत्ता का हिस्से थे तो किसानों को किसी तरह की परेशानी फसल बेचने में नहीं आने दी गई। पिछले 15 दिनों में सरकार में जो फैसले हुए हैं उनके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता।

---


सात दशक में राजनीतिक घरानों के 44 सदस्यों ने लोकसभा चुनाव जीता

# प्रदेश में राजनीतिक वंशवाद की लंबी होती 'अमर बेल'

शमशेर सैनी ▶▶ हिसार

हरियाणा में वंशवादी की राजनीति करीब 7 दशकों से चली आ रही है। प्रदेश के प्रमुख राजनीतिक घराने लोकसभा चुनाव में आपस में दो-दो हाथ करते दिखाई दिए हैं और भविष्य में भी इस वंशवादी की राजनीति का दौर यथावत जारी है। करीब 7 दशकों में प्रमुख सियासी घराने से 44 सांसद ने हरियाणा से लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया है। प्रमुख राजनीतिक घराने की बात की जाए तो इसमें रोहतक लोकसभा से हुड्डा परिवार, महेंद्रगढ़ व गुरुग्राम से राव बीरेंद्र सिंह परिवार, हिसार से चौधरी भजनलाल परिवार, सिरसा से देवीलाल परिवार, भिवानी से बंसीलाल परिवार, सिरसा व अंबाला से चौधरी दलबीर सिंह परिवार, कुरुक्षेत्र से ओपी जिंदल परिवार तथा हिसार लोकसभा से बीरेंद्र सिंह का परिवार शामिल है।


देवीलाल


भजन लाल


बंसीलाल


ओमप्रकाश जिंदल


राव बीरेंद्र सिंह


दलबीर सिंह


रणबीर हुड्डा


बीरेंद्र सिंह

### देवीलाल

पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल ने 1980 में सोनीपत लोकसभा जीती थी। वे 1989 में रोहतक से चुने गए थे। उनके पोते अजय चौटाला ने 1999 में भिवानी लोकसभा सीट जीती थी। जबकि अजय के बेटे (देवीलाल के परपोते) दुष्यंत चौटाला ने 2014 में हिसार लोकसभा सीट जीती थी।

### भजन लाल

चौधरी भजन लाल ने 1989 में फरीदाबाद लोकसभा सीट और 1998 में करनाल लोकसभा सीट से भी जीत हासिल की थी। इसके बाद चौधरी भजन लाल ने 2009 में हिसार लोकसभा सीट जीती थी। उनके निधक के बाद हिसार से उनके बेटे कुलदीप बिश्नोई वर्ष 2011 के उपचुनाव में सांसद निर्वाचित हुए। इससे पहले कुलदीप बिश्नोई 2009 में भिवानी लोकसभा सीट भी सांसद निर्वाचित हुए थे।

### बंसीलाल

चौधरी बंसीलाल 1980, 1984, 1989 में भिवानी सीट से सांसद रहे। उनके बेटे सुरेंद्र सिंह ने 1996, 1998 में इस सीट से लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया। 2009 में बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी ने भी इस सीट पर जीत दर्ज की।

### रणबीर सिंह हुड्डा

स्वतंत्रता सेनानी और संविधान सभा के सदस्य रहे रणबीर सिंह हुड्डा के परिवार ने लोकतांत्रिक इतिहास में सात अलग-अलग सदनों का प्रतिनिधित्व किया है, जिन्होंने हरियाणा में रिकॉर्ड नौ बार लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया है। जहां वे दो बार जीते, वहीं उनके बेटे भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने रोहतक सीट चार बार जीती और फिर दीपेंद्र (रणबीर सिंह के पोते) ने तीन बार जीत हासिल की। वर्ष 2019 में दीपेंद्र हुड्डा को कांटे के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा 1952, 1957 में सांसद बने। उनके बेटे भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 1991, 1996, 1998 और 2004 में यहां से जीत दर्ज की। इसके बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी 2005 (उपचुनाव), 2009, 2014 में इस सीट पर जीत दर्ज की।

### दलबीर सिंह

दलबीर सिंह 1967, 1971, 1980, 1984 में सिरसा लोकसभा सीट से जीते थे। बाद में उनकी बेटी कुमारी सैलजा 1991, 1996 में सांसद बनीं। 2004 तथा 2009 में अंबाला लोकसभा सीट से भी दो बार जीत दर्ज की।

### ओमप्रकाश जिंदल

उद्योगपति ओम प्रकाश जिंदल 1996 में कुरुक्षेत्र से सांसद बने। उनके बेटे नवीन जिंदल 2004 और 2009 में कुरुक्षेत्र से ही सांसद निर्वाचित हुए हैं।

### राव बीरेंद्र सिंह

राव बीरेंद्र सिंह 1980, 1984, 1989 में महेंद्रगढ़ से सांसद रहे। बाद में उनके बेटे राव इंद्रजीत सिंह ने 1998 व 2004 में यह सीट जीती। इसके बाद राव इंद्रजीत सिंह 2009, 2014 व 2019 में गुरुग्राम से सांसद बने।

### बीरेंद्र सिंह डूमरखां

चौधरी बीरेंद्र सिंह डूमरखां 1984 में कांग्रेस की टिकट से हिसार लोकसभा से सांसद बने थे। उनके बेटे बृजेंद्र सिंह 2019 में भाजपा के टिकट पर सांसद बने।


### विरासत

चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा और चौधरी बंसीलाल के राजनीतिक परिवारों की तीन पीढ़ियों ने क्रमशः रोहतक और भिवानी में लोकसभा सीटें जीती हैं। पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल के परिवार ने भी चार अलग-अलग सीटों का प्रतिनिधित्व किया है और हर बार वे तीन पीढ़ियों में अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों से जीते हैं। इसी तरह चौधरी भजनलाल और उनके बेटे कुलदीप बिश्नोई भी पांच बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। चौधरी भजनलाल की तीसरी पीढ़ी के तौर पर उनके पोते भव्य बिश्नोई ने 2019 के लोकसभा चुनाव हार गए।

---

गुरुग्राम

## धुरंधरों का साथ मिलने की उम्मीद कम, समर्थकों के बूते 'रण' जीतने की तैयारी


राव इंद्रजीत


सुधा यादव


रणधीर कापड़ीवास


नरबीर सिंह

नरेन्द्र वत्स. रेवाड़ी

प्रदेश की सभी दस लोकसभा सीटों को फतह करने के लिए एकजुटता का दावा करने वाली भाजपा में गुरूग्राम सीट को लेकर एकजुटता का प्रदर्शन करने की संभावनाएं कम नजर आ रहे हैं। इस सीट पर पार्टी प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को जीत दर्ज करने के लिए अपने और अपने समर्थकों पर ही निर्भर रहना पड़ सकता है। पार्टी के कई पुराने और धुरंधर नेताओं की उनके चुनाव प्रचार से दूरी बनी रह सकती है। इन नेताओं की ओर से राव के पक्ष में प्रचार मैदान में उतरने के कोई संकेत नहीं दिए गए हैं। रूठे भाजपा नेताओं को मनाने के लिए राव की ओर से भी अभी तक कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। तीन बार कांग्रेस और दो बार भाजपा की टिकट पर संसद तक पहुंचने के बाद राव इंद्रजीत सिंह छठी बार भाजपा की टिकट पर गुरूग्राम से भाग्य आजमा रहे हैं। वर्ष 2013 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले राव इंद्रजीत सिंह की शुरू से ही पार्टी के अधिकांश सीनियर नेताओं से दूरी बनी हुई है। भाजपा में आने के बाद ने तो राव ने इन नेताओं को कोई खास महत्व दिया और न ही इन नेताओं ने राव को। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में तो राव को मात देने के लिए रेवाड़ी हलके में भाजपा के कई नेता अंदरखाने लामबद्ध हो गए थे। इन नेताओं की नाराजगी के चलते ही पार्टी ने रेवाड़ी सीट हाथ से निकाल दी थी। पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास ने राव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके समर्थित प्रत्याशी सुनील मुसेपुर को हराने के लिए इंडीपेंट चुनाव लड़ा था।

### राजनीतिक खेला

**कापड़ीवास को भाजपा ने फिर पार्टी में शामिल किया**

तीसरे नंबर पर रहते हुए कापड़ीवास भाजपा प्रत्याशी को भी अपने साथ ले डूबे थे। इसके बाद कापड़ीवास को 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया था। नायब सैनी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद तत्कालीन सीएम मनोहरलाल और प्रदेशाध्यक्ष की जोड़ी ने कापड़ीवास को फिर से भाजपा ज्वाइन कराई थी।

### लंबी फेहरिस्त

**नेता शायद ही खुले दिल से वोट की अपील करते नजर आएं**

भाजपा में कापड़ीवास के साथ-साथ पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता व कई अन्य नेताओं की राव से राजनीतिक दूरी बरकरार है। कापड़ीवास और नरबीर अलवर में भूपेंद्र यादव के पक्ष में प्रचार करते नजर आ चुके हैं। अरविंद को पार्टी ने चुनाव मुख्यालय में जिम्मेदारी दी हुई है। प्रचार के दौरान यह नेता और उनके समर्थक शायद ही राव के लिए खुले दिल से वोट की अपील करते नजर आएं।

मेवात पर नजरः राव इंद्रजीत सिंह को अहीर बेल्ट में गत लोकसभा चुनावों की तरह इस बार भी लोगों का व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने इस बार मेवात में प्रचार शुरू कर दिया है।

---

हॉट सीट पर धीरे-धीरे चढ़ने लगा चुनावी रंग, भाजपा व कांग्रेस जुटे

## रोहतक में सवा दो लाख नए वोटर्स के पास जीत की चाबी

तपस्वी शर्मा ▶▶ झज्जर

लोकसभा चुनाव का रंग धीरे-धीरे जमने लगा है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र में इस बार करीब 18 लाख 64 हजार मतदाता है। जिसमें से करीब सवा दो लाख मतदाता अपने मत का पहली बार प्रयोग करेंगे। ऐसे में नए मतदाता हार-जीत के समीकरण बदल सकते हैं। हालांकि अभी तक के मतदाताओं की संख्या में इजाफा होगा, क्यूंकि 26 अप्रैल तक युवा अपना नया वोट बनवा सकते हैं। मतदाताओं की फाइनल सूची 26 अप्रैल के बाद ही जारी की जाएगी। रोहतक लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 1864021 है। जिसमें से 986806 पुरूष मतदाता और 877215 महिला मतदाता है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही है।

**18.64 लाख मतदाता चुनेंगे प्रत्याशी:** रोहतक लोकसभा क्षेत्र में नौ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से रोहतक, महम, कलानौर, गढ़ी सांपला किलोई, झज्जर, बहादुरगढ़, बादली, बेरी और कोसली विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। जिनमें फिलवक्त तक करीब 18.64 लाख मतदाता है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र में 1884 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से झज्जर में 188, बेरी में 186, बादली में 198, बहादुरगढ़ में 224, रोहतक में 170, महम में 217, कलानौर में 202, गढ़ी सांपला किलोई में 225 और कोसली में 274 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। नौ विधानसभा सीटों में 547 गांव आते हैं।

**हुड्डा प्रचार में जुटे :** भले ही अभी कांग्रेस, इनेलो व जेजेपी ने अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हो, लेकिन फिर भी चुनाव के लिए माहौल बनने लगा है। घर-घर कांग्रेस हर-घर कांग्रेस अभियान के तहत कांग्रेस अपना प्रचार कर रही है। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा शहर में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाए हुए है। वहीं भाजपा भी चुनाव प्रचार में जुट गई है। सांसद एवं भाजपा के रोहतक लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी डॉक्टर अरविंद शर्मा विधानसभा स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे है।

---

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह का ओडियो वायरल

## हिसार सेफ, सोनीपत में गड़बड़ कर सकते हैं हुड्डा !

- कांग्रेस में शामिल हुए बृजेंद्र सिंह की हिसार या सोनीपत में चुनाव लड़ने की चर्चा

**जींद।** कांग्रेस में गुटबाजी के चलते कांटा निकालने का राजनीतिक इलाज करना जगजाहिर है। मौका मिलने पर कांटा निकालने से कोई नही चूकता। भाजपा सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे चुके बीरेंद्र सिंह को पूर्व सीएम एव कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा मे रौल नजर आ रही है। वह भी उस दौरान जब पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में घर वापसी की तैयारी कर रहे हैं। भाजपा की टिकट पर हिसार से सांसद रहे चुके अपने बेटे बृजेंद्र सिंह को कांग्रेस मे भेज चुके हैं। बावजूद इसके अपनी बुआ के बेटे कांग्रेस नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर राजनीतिक मामलों में विश्वास नही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह की उनके समर्थक के साथ बातचीत का वायरल ऑडियो दोनों राजनीतिक रिश्तों के बारे बता रहा है। जिसमें बृजेंद्र सिंह के हिसार तथा सोनीपत लोकसभा से चुनाव लड़ने के बारे में बातचीत हो रही है। जिसमें बीरेंद्र सिंह सोनीपत लोकसभा को बृजेंद्र के लिए ठीक तो बताते हैं लेकिन भूपेंद्र हुड्डा पर बृजेंद्र को जितवाने की मंशा पर संदेह करते हुए रौल होने की बात कहते हैं। फिर हिसार को बृजेंद्र के लिए हिसार लोकसभा को सही बताते हुए उसे अपना घर बताते हैं। साथ सर्मथक के पूछने पर उचाना विधानसभा सीट पर अपना दावा पुख्ता करते हैं। ऑडियो के वायरल होने से यह तो साफ है कि कांग्रेस में आने की तैयारी कर रहे बीरेंद्र सिंह की राजनीतिक टीस अभी बरकरार है। उनके कांग्रेस में आने से पार्टी के अंदर तथा बाहर का समीकरण बनेंगे।

---

अंबाला

लगातार दो बार सैलजा व कटारिया के नाम जीत का रिकॉर्ड

पति के सपने को पूरा करने के लिए अब भारतीय जनता पार्टी ने बंतो कटारिया को उतारा मैदान में

# भाजपा-कांग्रेस में होता है हार जीत का फैसला बसपा भी एक बार चख चुकी जीत का स्वाद

अशोक अटवाल ▶▶ अंबाला

अंबाला लोकसभा सीट पर शुरूआत से लेकर अब तक हमेशा कांग्रेस और भाजपा के बीच ही कांटे का मुकाबले रहा है। 2014 व 2019 में भाजपा के रतनलाल कटारिया लगातार जीत हासिल कर केंद्र सरकार में मंत्री बने। हालांकि पूर्व सांसद रतनलाल कटारिया 2019 का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। चुनाव से कुछ महीने पहले ही उनका देहांत हो गया। इस बार भाजपा ने उनकी पत्नी बंतो कटारिया को टिकट देकर मैदान में उतारा है। बेशक अभी तक कांग्रेस ने लोकसभा उम्मीदार के नाम का ऐलान नहीं किया लेकिन फिर भी यहां भाजपा-कांग्रेस के बीच ही टक्कर होने की बात कही जा रही है। हरियाणा गठन के बाद 1967 में पहला लोकसभा चुनाव हुआ था। इस दौरान भारतीय जनसंघ के सूरजभान ने कांग्रेस उम्मीदवार को हराकर संसद में कदम रखा था। इसके बाद 1971 में कांग्रेस उम्मीदवार रामप्रकाश मैदान में उतरे, उन्होंने भारतीय जनसंघ के प्रत्याशी सूरजभान को शिकस्त दी। सूरजभान ने 1977 में फिर से चुनाव लड़ा, इस बार वे भारतीय लोकदल से मैदान में उतारे गए। उन्होंने कांग्रेस के रामप्रकाश को हराया। सूरजभान ने 1980 में फिर से जीत दर्ज की और कांग्रेस प्रत्याशी सोमनाथ को हरा दिया। 1984 में सूरजभान का सामना फिर से रामप्रकाश से हुआ। इस बार रामप्रकाश ने उनके विजयरथ को रोक दिया और जीत दर्ज की। 1989 में रामप्रकाश ने फिर से सूरजभान को हराया। 1991 में रामप्रकाश ने कांग्रेस की टिकट पर इस सीट से लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की। इस बार भी हारने वाले सूरजभान ही थे। 1996 में भाजपा ने सूरजभान को ही मैदान में उतारा। उन्होंने कांग्रेस के शेर सिंह को हरा दिया। 1998 में इनेलो और बसपा का गठबंधन हो गया। इस गठबंधन के चलते बसपा अंबाला सीट जीत गई। उनके उम्मीदवार अमन कुमार नागरा ने भाजपा के सूरजभान को हरा दिया।


बंतो कटारिया

### ऐसे होती रही हार- जीत

यह पहला और अभी तक का आखिरी मौका था, जब कांग्रेस और भाजपा के अलावा कोई दूसरी पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज कर सकी। 1999 में रत्नलाल कटारिया को भारतीय जनता पार्टी द्वारा चुनाव में उतारा गया। कटारिया ने कांग्रेस उम्मीदवार फूलचंद मौलाना को हार का स्वाद चखाया और पहली बार संसद में कदम रखा। 2004 में कांग्रेस ने कुमारी सैलजा को टिकट दिया। सैलजा ने भाजपा प्रत्याशी कटारिया को हरा दिया। ये सिलसिला लगातार दो बार चला। सैलजा ने 2009 में कटारिया को संसद नहीं पहुंचने दिया। 2014 में कांग्रेस ने कुमारी सैलजा को राज्यसभा भेज दिया। तब कांग्रेस न राजकुमार वाल्मीकि को मैदान में उतारा। मोदी लहर में रतनलाल कटारिया 2014 व 2019 में रिकॉर्ड मतों से जीत कर लोकसभा में पहुंचे थे।

---

कांग्रेस समेत अन्य दलों ने अभी नहीं खोले पत्ते

## अंबाला में भाजपा ने दिखाया दम विपक्ष दिखाई दे रहा अभी मौन

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

- बंतो कटारिया पिछले पंद्रह दिन से चुनाव प्रचार में झोंक रही ताकत

हरियाणा में लोकतंत्र के 18वें लोकसभा चुनाव के महापर्व के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरु होने में अब मात्र करीब साढ़े तीन सप्ताह का समय शेष रह गया है। मगर अभी तक अंबाला लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने अपना दम दिखाना शुरु नहीं किया है। जबकि भाजपा ने रैलियां करके व जनसंपर्क अभियान चलाकर प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।



### प्रत्याशियों की घोषणा के बाद चढ़ेगा रंग

खास बात यह है कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र में अभी तक चुनाव मैदान में भाजपा की अकेली उम्मीदवार बंतो कटारिया चुनावी प्रचार में लगी है। जबकि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा तक नहीं की है। क्यास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस द्वारा जल्द ही अंबाला में अपने प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा लोकतंत्र के 18वें महापर्व लोकसभा चुनाव की घोषणा किए हुए करीब दो सप्ताह से अधिक का समय बीत गया है। मगर अभी तक अंबाला लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल चुनाव मैदान में अपना दम नहीं दिखा रहे हैं। खास बात तो यह है कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को छोड़कर अन्य किसी भी राजनैतिक दल ने अपने प्रत्याशी का नाम उज्जागर नहीं किया है।






## खबर संक्षेप

### सीधे किसानों के खाते में जाएगा उनके हक का पैसा

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में 2022 में गुलाबी सुंडी के प्रकोप व 2023 में घग्घर में आई बाढ़ से प्रभावित फसलों का अटका हुआ मुआवजा तुरंत जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ट्वीट में लिखा कि भाजपा की सरकार किसानों को मुआवजा अटकाने व लटकाने वाली सरकार नहीं है। किसानों के हक का एक एक पैसा जल्द सीधा उनके खाते में का एक एक पैसा सीधे उनके खाते में भेज दिया जाएगा।

### अधिवासी लेखकों से 15 मई तक प्रविष्टियां आमंत्रित

**चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा वर्ष 2023 के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हरियाणा अधिवासी लेखकों से 15 मई, 2024 तक प्रविष्टियां आमंत्रित की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

### डीएसएसएसबी ने जारी की आंसर कुंजी

**नारनौल।** दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने दो से 31 मार्च तक विभिन्न पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। डीएसएसएसबी ने प्रबंधक, उप-प्रबंधक, जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट जेजेए, जूनियर इंजीनियर, सेक्शन ऑफिसर, पीजीटी, मैकेनिक, क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर आदि पदों पर लिखित परीक्षा आयोजित की थी।

### मुर्गा बेचने वाले ने युवक को घोंपा चाकू, मौत

**नूंह।** खंड के गांव बलई में एक युवक को कहासुनी होने पर बीच बचाव में चाकू लग गया। जिससे उसकी अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चार लोगों को विरासत में ले लिया। शव का जिला नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा में पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया।

## रतिया: विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री ने बोला हमला

# विपक्ष दुष्प्रचार कर देश के विकास को रोकना चाहता है: नायब सैनी

- नरेन्द्र मोदी के 10 साल कांग्रेस के 55 साल पर भारी
- कहा-प्रधानमंत्री ने देश का कायाकल्प कर नंबर वन बनाने को कृतसंकल्प
- सभी नेताओं ने किया भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को भारी मतों से जिताने का आह्वान


**फतेहाबाद।** रतिया जनसभा को संबोधित करते सीएम सैनी व उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 सालों में देश का कायाकल्प कर दिया है। वे भारत को दुनिया में नंबर वन देश बनाना चाहते हैं। सीएम शुक्रवार को रतिया अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। विजय संकल्प रैली के साथ ही सीएम ने सिरसा लोकसभा में अपने चुनाव प्रचार का शंखनाद कर दिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां दुष्प्रचार कर देश का विकास का रोकना चाहती हैं। सीएम सैनी ने कहा कि हम देखते थे कि हमारी माताएं बहनें सिर पर मटका लेकर पानी के लिए दूर-दूर जाती थीं, लेकिन बीजेपी की सरकार आने पर उनके लिए घर तक शुद्ध पानी की व्यवस्था की गई। प्रधानमंत्री ने महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए अलग से मंत्रालय की व्यवस्था की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि गरीब व्यक्ति के इलाज के लिए प्रधानमंत्री ने ऐसी व्यवस्था की कि आज इलाज के अभाव में किसी व्यक्ति की जान नहीं जाती। आयुष्मान कार्ड और चिरायु कार्ड जैसी योजनाएं प्रदेश की जनता को दी गई। कांग्रेस के लोग चुनाव के समय गरीबी हटाने की बात करते थे, लेकिन पीएम ने वास्तव में देश से गरीबी हटाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने जो जो काम किए हैं, उनकी गिनती करना आसान नहीं है। विपक्ष हमारी नीतियों का विरोध करता है। जनता इस बात का मूल्यांकन करे कि पिछली सरकारों ने क्या काम किया। हमारी नीतियां जन कल्याण के लिए है।

### मोदी के 400 पार के नारे में आहुति डालने का आह्वान किया

अशोक तंवर को अपना आशीर्वाद देकर लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 400 पार के नारे में आहुति डालने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का कायाकल्प किया है और वे देश को दुनिया में नंबर वन देश बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उनकी सोच है कि हर घर के ऊपर छत हो और हर पेट को रोटी हो, इसके लिए लगातार हमारी सरकार प्रयास कर रही है।

### कांग्रेस ने किसानों के हितों की चिंता नहीं की

नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों के हितों की कभी चिंता नहीं की। कांग्रेस का काम सिर्फ भ्रामक स्थिति पैदा करना रह गया है। यूपीए की सरकार में डीएपी और यूरिया को लेकर मारा मारी रहती थी। महंगे दामों पर भी किसानों को यूरिया नहीं मिलती थी। सीएम ने का कि मोदी की सोच है कि किसानों की आय बढ़े और लागत कम आए , इसलिए इन दस सालों में मोदी सरकार ने खाद के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की।

## वायु सेना के हैलीकॉप्टर की डबवाली में इमरजेंसी लैंडिंग

**डबवाली।** चौटाला रोड पर गांव अबूबशहर व सकताखेड़ा के बीच आज दिन में ग्रामीण उस समय हैरान रह गए जब उन्होंने वायु सेवा के एक हेलीकॉप्टर को खेतों में लैंड करते देखा। बताया जा रहा है कि वायु सेना के इस हेलीकॉप्टर को किसी इमरजेंसी में यहां सकताखेड़ा के क्षेत्र एक खाली जगह में लैंड करवाया गया था। इसके बाद कुछ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सिरसा वायु सेवा के इस हेलीकॉप्टर का कुछ पूर्जा/ सामान गिर गया था। इसके बाद हेलीकॉप्टर को यहां लैंड करवाया गया। उन्होंने कहा कि सब कुछ सामान्य है और किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। एकाएक ऐसी घटना से लोगों में कोताहल बनीं रही।

## सैनिक स्कूलों को लेकर सैलजा ने सरकार पर बोला हमला

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने देश के सैनिक स्कूलों में राष्ट्रभक्ति की बजाए अपने संगठनों की विचारधारा को परोसने का षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया है। सैनिक स्कूलों को संघीमय बनाने के लिए ही इनमें पीपीपी मोड की शुरुआत की गई। पीपीपी मोड लागू करने के बाद आरएसएस व भाजपाइयों को सैनिक स्कूल चलाने की इजाजत देने से साफ है कि यहां पढने वाले छात्रों के दिमाग में संघी विचारधारा बनने की शुरुआत हो चुकी है।



## लोस चुनावों के लिए हरियाणा में बनाए चुनाव आइकन

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव - 2024 के मद्देनजर अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने एक अनूठी पहल करते हुए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा बनाये गए चुनाव आइकॉन फिल्म अभिनेता राजकुमार राव की तर्ज पर अपने-अपने जिलों में आइकॉन बनाने का आग्रह किया था जिसे आज अंतिम रूप दिया गया। अनुराग अग्रवाल ने इस संबंध में उपायुक्त- सह- जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से अधिक रहा था।



# यमुनानगर में मिट्टी की ढांग गिरने से दो महिलाओं की मौत, छह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढौरा क्षेत्र के गांव रतौली में शुक्रवार सुबह मिट्टी की ढांग गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। डॉक्टरों ने एक किशोर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई रैफर कर दिया। जबकि अन्य पांच का इलाज ट्रामा सेंटर में चल रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक महिलाएं व हादसे में घायल हुए सभी लोग घरों पर लिपने के लिए मिट्टी लेने के लिए गए थे। जानकारी के अनुसार हादसे में घायल हुए अफसाना व मंजूर हसन ने बताया कि वह गांव के ही 52 वर्षीय सतारा, 28 वर्षीय नसरीना, परवेज, सलमा, छह वर्षीय मुस्कान, सूफी व अन्य के साथ गांव के ही पास घरों पर लिपने के लिए मिट्टी लेने के लिए गए थे। जब वह मिट्टी खोदने लगे तो अचानक से मिट्टी की ढांग उनके ऊपर आ गिरी। हादसे में वह सभी मिट्टी के नीचे दब गए। जब खेतों में काम कर रहे आसपास के लोगों ने मिट्टी गिरती देखी तो मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा।


**यमुनानगर।** ट्रामा सेंटर में उपचाराधीन घायल। फोटो: हरिभूमि

## मंत्री के करीबी के खिलाफ पंजाब में केस, गोयल व पत्नी पर भी आरोप

**चंडीगढ़।** हाल ही में परिवहन मंत्री बने अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल के करीबी व पार्टनर अरविंद गोयल और उसके परिजनों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। मंत्री और उनकी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हालांकि उन्हें सीधे नामजद नहीं किया है। लुधियाना के महिला थाने में धारा 406, 498-ए, 377, 354 और 120बी के तहत यह केस दर्ज हुआ है। पंजाब पुलिस मामले में अब मंत्री और उनकी पत्नी से भी पूछताछ कर सकती है। पीड़ित परिवार ने मंत्री पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। जिन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है, उनको पंजाब पुलिस तलाश रहीं हैं, अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

**यह है मामला:** मामला पत्नी को परेशान करने का है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने इस शादी में लड़के वालों की मांग के अनुसार मोटा दहेज दिया था। शादी 13 अगस्त 2021 में हुई थी। परिजनों ने शिकायत में उनकी बेटी को परेशान, शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। वहीं मंत्री गोयल का कहना है उन पर लगाए जा रहे आरोप तथ्यहीन हैं।

**सियासत** विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने के बाद भी नहीं हुआ स्वीकार

# छह माह तक मंत्री पद पर बने रह सकते हैं रणजीत चौटाला

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हिसार की संसदीय सीट पर भाग्य आजमाने उतरे मंत्री रणजीत चौटाला की चौधर इसी तरह से कायम रहेगी अर्थात वे सूबे की नायब सरकार में मंत्री पद पर फिलहाल बने रहेंगे। यही कारण भी है कि हरियाणा सिविल सचिवालय के आठवें फ्लोर पर अभी भी उनका दफ्तर उसी प्रकार से है, जैसा पूर्व में चला आ रहा था।

लोकसभा की हिसार सीट से भाजपा के टिकट पर भाग्य आजमाने मैदान में उतरे चौधरी रंजीत सिंह के सामने फील्ड में भले ही चुनौतियां ही चुनौतियां हों लेकिन वर्तमान राज्य सरकार और भाजपा हाईकमान का हाथ उनके सिर पर पूरी तरह से बना हुआ है। पूर्व सीएम मनोहरलाल के वक्त में बिजली और जेल मंत्री रह चुके रणजीत चौटाला को एक बार फिर से नायब मंत्रिमंडल में आने के बाद भी यही विभाग आबंटित किए गए हैं। हिसार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे रंजीत सिंह का चुनाव परिणाम तक मंत्री पद बरकरार रहेगा। सचिवालय प्रशासन की ओर से आठवीं मंजिल 39 नंबर दफ्तर दोबारा से अलॉट कर दिया है। बिजली और जेल विभाग की फाइलें भी मंत्री के जरिए मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जा रही है। विधानसभा से भी उनका कानूनन उनका इस्तीफा स्वीकार होना तय माना जा रहा है लेकिन उसे अभी तक भी स्पीकर ने स्वीकार नहीं किया है। कानून विदों मानना है कि निर्दलीय विधायक यदि किसी राजनैतिक दल में शामिल होता है, उसकी सदस्यता चली जाती है। रणजीत सिंह दूसरी बार नायब मंत्रिमंडल में मंत्री बने हैं, साथ ही लोकसभा चुनाव मैदान में उतरने के ठीक पहले भाजपा ज्वाइन कर चुके हैं। सिरसा के रानियां से निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला को वर्ष 2019 में भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया था। करीब साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में रणजीत पूर्व सीएम मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बेहद करीबी नेताओं में माने जाते हैं।


लोस की हिसार सीट से भाजपा के टिकट पर भाग्य आजमा रहे रणजीत चौटाला

### 4 जून को परिणाम के बाद होगा फैसला

बताया जा रहा है कि 4 जून को लोकसभा चुनाव आने के बाद ही बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के मंत्री पद का फैसला होगा। रणजीत चौटाला यदि लोकसभा का चुनाव जीतते हैं तो फिर वह मंत्री पद से इस्तीफा देंगे। यदि चुनावी परिणाम विपरीत आया तो फिर 10 सितंबर तक उनका मंत्री पद बना रह सकता है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कद बड़ा बनाए रखने के कारण मंत्री पद बरकरार रखा है।

### पूर्व सीएम को बताया था अपना सियासी गुरु



लोकसभा सीट हिसार से भाजपा प्रत्याशी चौधरी रणजीत चौटाला वैसे, तो लगभग 80 साल के होने जा रहे हैं। अपने पद से इस्तीफा दे चुके सीएम हरियाणा को अपना पिता तुल्य बता चुके हैं, साथ ही पिता तुल्य भी मानते हैं। हालांकि चौधरी स्वर्गीय देवीलाल के पुत्र और वरिष्ठ नेता चौधरी रणजीत चौटाला के इस बयान की आलोचना भी सियासी गलियारों में काफी समय से चली आ रही है। लेकिन वे अपने बयान पर कायम हैं, उनका कहना था कि पूर्व सीएम मनोहरलाल को वे दिल से मान सम्मान देते हैं, उनसे काफी कुछ सीखा है।

## भिवानी: पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने को लेकर नाराज था परिवार

# जमीनी विवाद को लेकर एडीसी कार्यालय के बाहर परिवार के चार सदस्यों ने निगला जहर

- हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पुलिस कार्रवाई से नाराज मिताथल गांव के एक परिवार के चार सदस्यों ने भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के पास सरल केंद्र के नजदीक जहर निगल लिया। जिसके बाद भिवानी के लघु सचिवालय में अधिकारी सकते में आ गए तथा तुरंत एंबुलेंस में भिवानी के नागरिक अस्पताल भेजा गया, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। डीएसपी अनुप सिंह ने बताया कि लघु सचिवालय के अंदर स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के पास मिताथल निवासी धर्मबीर व उनकी पत्नी सुशीला व बेटी साक्षी व बेटे मोहित ने जहर निगल लिया, जिन्हे बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### मामले को लेकर गांव में हुई थी पंचायत

वही मिताथल निवासी ओमबीर ने बताया कि कल गांव में धर्मबीर के परिवार के साथ विवाद को लेकर पंचायत हुई थी। ये चार भाई है। जिनमें से एक की मृत्यु हो चुकी है। इस मामले में जब पंचायत हुई तो इनके एक भाई ने कह दिया था कि जो भी फैसला होगा, उसे मान्य होगा। परन्तु फैसले को लेकर चल रही पंचायत के बीच से ही उठकर धर्मबीर चला गया। जिसके बाद आज यह घटनाक्रम हुआ है।

# मातूराम हलवाई मामला: मुठभेड़ के बाद दो शार्प शूटर गिरफ्तार, पांव में लगी है गोली

- गोहाना में मातूराम हलवाई की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग के मामले में थे वांछित
- गांव खेवड़ा के पास से एसटीएफ की टीम ने किया काबू, पुलिस पर चला दी थी गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गोहाना में मातूराम हलवाई की दुकान पर अंधाधुंध फायरिंग के मामले में आरोपी भाऊ गैंग के दो शार्प शूटर को एसटीएफ सोनीपत की टीम ने नेशनल हाईवे-334 बी पर गांव खेवड़ा के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी लूटपाट की फिराक में थे। तभी पुलिस टीम उन्हें पकड़ने पहुंची तो उन्होंने फायरिंग कर दी। आरोपियों ने पुलिस पर दो फायर किए। बचाव में पुलिस ने तीन फायर किए, जिसमें दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है। दोनों को घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की पहचान हिसार के नारनौंद स्थित गांव डाटा निवासी प्रवीन व नारनौंद के गौतम कॉलोनी निवासी हिमांशू के रूप में हुई है। एसटीएफ की टीम डीएसपी इंडीवर व सोनीपत प्रभारी योगेंद्र दहिया के नेतृत्व में गश्त पर थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि दो युवक लूटपाट की फिराक में एनएच-334बी पर खेवड़ा के पास खड़े है। वह गोहाना के मातूराम हलवाई की दुकान पर हुई फायरिंग व रंगदारी मांगने के मामले में भी शामिल थे।



## कांग्रेस के नेता हार के डर से चुनाव लड़ने से भाग रहे

**चंडीगढ़।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चुनाव लड़ने से डर रहा है क्योंकि जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं के आ रहे हैं, उनके मन में अगर डर है तो सिर्फ जननायक जनता पार्टी का है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस को खुद पर विश्वास नहीं है और आने वाले चुनाव दर्शा देंगे कि कांग्रेस की क्या हालात हैं।






# तीस देशों में एक लाख स्थानों पर मनेगा रामोत्सव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस वर्ष रामनवमी पर पूरे विश्व में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रामोत्सव कार्यक्रम के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में रामनवमी के दिन भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अब तक भारत समेत दुनिया के 30 देशों के लगभग एक लाख मंदिरों और अन्य प्रमुख स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है।

### हनुमान जयंती पर समापन



रामोत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत नववर्ष प्रतिपदा यानी नौ अप्रैल 2024 के दिन से शुरू होगी और अगले 15 दिनों तक चलती रहेगी। 24 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन इन कार्यक्रमों का समापन होगा। इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, राम की आरती, सुंदरकांड का पाठ, रामधुन कीर्तन और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। भगवान राम की जन्मस्थली और राम मंदिर होने के कारण अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सबसे प्रमुख कहा जा सकता है।

# सूर्य ग्रहण: अमेरिका में 8 अप्रैल को लगेगा सूर्य ग्रहण, भारतीयों को 2031 तक करना होगा इंतजार

*नासा का कहना है कि 2017 की तुलना में 8 अप्रैल के सूर्य ग्रहण की समग्रता का समय थोड़ा ज्यादा होगा। समग्रता के दौरान लोग सूर्य के कोरोना को देख सकते हैं, जिसे देखना बेहद दुर्लभ है।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

आठ अप्रैल को पूर्ण सूर्य ग्रहण लगेगा। इसे देखने के लिए पूरी दुनिया इंतजार कर रही है। यह सूर्य ग्रहण अमेरिका में लगेगा, सिमें कुछ पल के लिए चंद्रमा पूरी तरह से सूर्य को ढक लेगा। 25 मार्च को लगे चंद्र ग्रहण के बाद यह 2024 का पहला सूर्य ग्रहण है। जहां इस सूर्य की परछाई पड़ेगी उस जगह पूरी तरह से शाम जैसा नजारा दिखेगा। मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा में यह सूर्य ग्रहण दिखेगा। इससे यह साफ है कि भारत समेत बाकी दुनिया में यह नहीं दिखेगा। नासा के मुताबिक जब सूर्य को चंद्रमा पूरी तरह ढक लेता है, जो कुछ मिनटों का होता है।

**क्रेज**
*अमेरिका में सूर्यग्रहण को लेकर जबरदस्त क्रेज होटलों की बुकिंग में जबरदस्त बढ़ोतरी*

**ऑफर**
*कई ट्रांसपोर्ट कंपनियां ऑफर कर रही पैकेज*

भारत में 21 मई 2031 को लगने वाला सूर्य ग्रहण वलयाकार होगा। इस तरह के ग्रहण में सूर्य को चंद्रमा पूरी तरह से नहीं ढक पाता। इस कारण हमें आसमान में आग की रिंग दिखाई देती है। इस वलयाकार सूर्य ग्रहण का पथ अफ्रीका महाद्वीप से शुरू होकर इंडोनेशिया तक होगा। भारत के दक्षिणी राज्यों से भी यह गुजरेगा। भारत में कोच्चि, अलाप्पुझा, मदुरै और वेदारण्यम शहरों में इसे देखा जा सकेगा। बाकी देश में यह आंशिक रूप से दिखाई देगा। कार्नेगी इंस्टीट्यूशन फॉर साइंस के डॉ. जॉन मुल्चे ने कहा कि पूर्ण सूर्य ग्रहण अवर्णनीय होता है, जो मनुष्यों पर सदियों से बेहद गहरा प्रभाव डालता रहा है।



### भारत में 20 साल बाद लगेगा पूर्ण सूर्य ग्रहण

साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। नासा का कहना है कि इस पूर्ण सूर्य ग्रहण को देखने के बाद अमेरिका के लिए भी यह दुर्लभ नजारा बन जाएगा। क्योंकि अमेरिका में अगला पूर्ण सूर्य ग्रहण 2044 तक नहीं लगेगा। समग्रता के पथ पर मौजूद लगभग 3.2 करोड़ लोग इस दुर्लभ घटना को देख सकेंगे। अगर आप इस सूर्य ग्रहण को देखना चाहते हैं तो यूट्यूब पर मौजूद लाइव स्ट्रीम के जरिए देख सकते हैं। लेकिन अगर आप इसे भारत में देखना चाहते हैं तो आपको 2031 तक का इंतजार करना होगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड को जारी किया नोटिस

# बकाया धनराशि के बारे में जवाब मांगा, धनराशि जारी करने को कहा

**आप सरकार ने कोर्ट में आवेदन देकर लगाया था आरोप**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। शीर्ष कोर्ट ने आप सरकार की याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आप सरकार ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि दिल्ली जलबोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पीने योग्य पानी की आपूर्ति करने वाले संस्थान को धनराशि जारी नहीं की थी। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई करते हुए ये नोटिस जारी किया है। अदालत ने बकाया धनराशि के बारे में जानकारी मांगी है। साथ ही दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को धनराशि जारी करने के लिए भी कहा है।

मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 10 अप्रैल को होगी। इससे पहले ने एक अप्रैल को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को आप सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया था। इस याचिका में आप सरकार ने आरोप लगाया था कि विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे हैं।

**10 अप्रैल को सीजेआई की पीठ फिर करेगी सुनवाई**

### सिविल सेवक नहीं सुनते



कोर्ट में आप सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि आप सरकार का दावा है कि मेरे सिविल सेवक मेरी बात नहीं सुनते हैं। उन्होंने अदालत को बताया था कि दिल्ली जल बोर्ड को अभी तक 1,927 करोड़ जारी नहीं किए गए हैं। 31 मार्च तक धनराशि जारी नहीं की गई तो ये रुपए लैप्स हो जाएंगे। इस पर पीठ ने कहा था कि फैसले को पलटा भी जा सकता है, चाहे 31 मार्च की समयसीमा समाप्त भी हो जाए।

### जेल में 5 लीगल मुलाकातों की मांग



दिल्ली शराब घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल फिलहाल सलाखों के पीछे हैं।केजरीवाल ने जेल में 5 लीगल मुलाकात की मांग की है। ईडी ने कहा कि सीएम को वकील से मिलने का पूर्ण अधिकार नहीं हो सकता है।

### केजरीवाल के खिलाफ हुई साजिश



राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश हुई है। भाजपा ने शराब घोटाला किया है। भाजपा के नेता इसमें शामिल हैं। इसामने यह बताने के लिए आया हूं कि केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कैसे रची गई।

### 15 मिनट में व्हीलचेयर से 'छत' पर चढ़ गए



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र ने संजय पर नौटंकी करने का आरोप लगाया है। व्हीलचेयर से 15 मिनट बाद कार की छत पर चढ़ गए। सचदेवा ने कहा कि जब फिर सहानुभूति लेनी थी तो वह व्हीलचेयर पर आ गए।

**एलजी और आप सरकार में फिर भिड़ंत**

## स्वास्थ्य मॉडल खुद वेंटिलेटर पर है...



**श्वेत पत्र लाने की मांग**

दिल्ली में एक बार फिर से उपराज्यपाल वीके सक्सेना और राज्य की आप सरकार में भिड़ंत दिख रही है. एलजी ने शुक्रवार को सरकार पर राज्य के लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और सुविधाओं में कमी का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि स्वास्थाय मंत्री सौरभ भारद्वाज को पत्र लिख कर आमंत्रित किया गया, लेकिन वह बहाने बनाकर मामले को टाल रहे हैं। उपराज्यपाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को लिखे पत्र में कहा है कि एक हफ़्ते में दो बार मैंने आपसे बात कर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित किया, लेकिन आप बहाने बनाकर नहीं आए. उन्होंने कहा, 'लोगों को अपनी चुनी हुई सरकार से उम्मीद रहती है। उपराज्यपाल ने दिल्ली में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस विषय पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। सक्सेना ने आप सरकार की बहुचर्चित दिल्ली मॉडल पर सवाल उठाया है। ऐसा लग रहा है कि बहुचर्चित दिल्ली मॉडल वेंटिलेटर पर है। उन्होंने कहा कि ये वास्तव में चौंकाने वाला है कि बहुप्रचारित स्वास्थ्य वाला 'दिल्ली मॉडल' बुरी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि आप स्वास्थ्य सेवा संबंधी मार्गदर्शन के लिए टीम में विशेषज्ञों की मदद ले सकते हैं।

**श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद**

## मंदिर पक्ष की बहस पर अगली सुनवाई 18 अप्रैल को मुकर्रर

इलाहाबाद(एजेंसी)। हाईकोर्ट में एक बार फिर मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले को लेकर बहस हुई। श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की बहस पूरी होने के बाद हिंदू पक्ष की ओर से बहस जारी है। कोर्ट ने समयाभाव को देखते हुए आगे की सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तारीख तय की है।भगवान श्री कृष्ण विराजमान एट कटरा केसर देव की ओर से दाखिल वादों की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ कर रही है। इसके पहले मस्जिद पक्ष की ओर से मंदिर पक्ष की ओर से दाखिल वादों की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए गए। कहा गया कि सभी वाद प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट, लिमिटेशन एक्ट, वक्फ एक्ट सहित विभिन्न कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत बाधित है।



लिहाजा, सभी वादों को खारिज किया जाए। मस्जिद पक्ष की ओर से तसलीमा अहमदी ने बहस की। मंदिर पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से वादों की पोषणीयता पर उठाए जा रहे सवाल बेबुनियाद है। सभी वाद पोषणीय है। वाद लिमिटेशन एक्ट, सीपीसी के आदेश के नियम 11 के तहत बाधित नहीं है।

## अरुणाचल प्रदेश के दिबांग सेक्टर में सेना के नायब सूबेदार शहीद

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के एक नायब सूबेदार ने अरुणाचल प्रदेश के दिबांग सेक्टर के 'अभियान क्षेत्र' में कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। सेना के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सेना ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में नायब सूबेदार गिरिराज प्रसाद यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। हालांकि, उनकी मौत का सही कारण तुरंत पता नहीं चल पाया है। सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और भारतीय सेना के सभी रैंक के अधिकारी नायब सूबेदार गिरिराज प्रसाद यादव के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हैं, जिन्होंने अरुणाचल प्रदेश के दिबांग सेक्टर में कर्तव्य के निर्वहन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। सेना शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।'

**सूचना**

मैं, सोनबाई पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासी गांव माड़ौदी रांगड़ान, तह. कलानौर, जिला रोहतक, हरियाणा-124001 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कर्मबीर व उसकी पत्नी रीतू व पौत्र शिवम मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, महावीर पुत्र भूप सिंह निवासी किला कालोनी मकान नं. 917/16, झज्जर, तहसील व जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र देवकरन कुमार व उसकी पत्नी संतोष मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT**
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF MS. RUCHIKA SINGLA
Additional District Judge -03 (N/W),
Room No. 311, 3rd Floor, Rohini Courts, Delhi.
CS DJ-499/21
Smt. Neetu
Vs.
Kuldeep Garg and Others
To,
(i) Gagandeep Garg S/o Sh. Mange Ram Garg Presently Residing at Polland
Served at R/o H. No. 72, Sector-13, Hissar, Haryana.
Mob No.: 9215532651. .....Defendant No. 2
(ii) Sh. Satish Garg S/o Sh. Mange Ram Garg R/o H. No. 72, Sector-13, Hissar, Haryana.
Mob No. 9215532651. .....Defendant No. 3
Whereas you are intentionally evading service of summons, it is hereby notified that if you shall not defend the case on dt. 13-05-2024 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined Ex-parte.
Given under my hand & seal of the court, this 26/03/2024.
Sd/-
Addl. Dist. Judge-03(NW)
Rohini Courts, Delhi.

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Puneet Limba
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
M/S GLASS AND MORE
Vs.
RAM BHAGAT
CNR No. HRSOA0-000373-2023
Next Date:- 17-05-2024
EXECUTION PETITION
Publication Issued to :
RAM BHAGAT
:- JOGI RAM
PROPRIETOR OF MAHADEV ART GLASS R/O HOUSE NO 392/14, SOMNATH MANDIR WALI GALI JIND DISTT. JIND
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 17-05-2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 04.04.2024

**कोर्ट नोटिस**

ब-अदालत मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधीकरण, हजारीबाग, झारखण्ड।
कलेम केस नम्बर-67/2018
करूणा सिंह वगैरह ....दावाकर्त्ता
बनाम
सुबे सिंह वगैरह .......विपक्षी
नोटिस बनाम
सुबे सिंह पिता कुरदा राम,
निवास स्थान मेहरामपुर, थाना नारनौल, जिला महेन्द्रगढ़, राज्य हरियाणा
(ट्रक पंजीयन संख्या-UP79T-4106 का स्वामी)
चूंकि दावाकर्ता ने वास्ते मृत्यु हर्जाना वाद खिलाफ आपके विरूद्ध मेरे न्यायालय में दाखिल किया है और इसके नोटिस का तामिला आपके उपर साधारण तरीके से सम्भव नहीं हुआ, लिहाजा इस प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है, कि इस वाद में अगली तिथि 16.04.2024 को 07:00 बजे वास्ते सुनवाई मुकर्रर की गयी है। उक्त तारीख पर आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में हाजिर होकर अपने नेक वो लाजमी कार्रवाई करें वरना आपके अनुपस्थिति में इस मुकदमें का फैसला एक पक्षीय होगा। इसे आवश्यक समझें।
मेरे हस्ताक्षर मोहर से आज दिनांक 06.03.24 को जारी किया गया।
हस्ता/- श्री दीपक मलिक,
पीठासीन पदाधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधीकरण, हजारीबाग, झारखण्ड।

## सोने में 150 रुपये की गिरावट चांदी भी 700 रुपये लुढ़की

नई दिल्ली। सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों गिरने से बृहस्पतिवार को सोना राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में 150 रुपये की गिरावट के साथ 69,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये की गिरावट के साथ 81,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**


समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदना रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# स्थिर रेपो दर से बाजार को मिला समर्थन, सेंसेक्स नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से घरेलू शेयर बाजार का सूचकांक सेंसेक्स नकारात्मक वैश्विक संकेतों के बावजूद शुक्रवार को मामूली बढ़त के साथ नए शिखर पर पहुंचने में सफल रहा जबकि निफ्टी में मामूली गिरावट रही।



बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 20.59 अंक बढ़कर 74,248.22 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 74,361.11 का नया उच्चस्तर भी छुआ। निफ्टी 0.95 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,513.70 अंक पर बंद हुआ। दरअसल भारतीय बाजार नीतिगत रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने के रिजर्व बैंक के फैसले से एक सीमित दायरे में रहे। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार सातवीं बार रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'हालांकि आरबीआई की नीतिगत बैठक उम्मीद के अनुरूप ही रही लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर चिंता और लू की चेतावनी ने कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।'

इनमें अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, मारुति, टाइटन और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इसके उलट कोटक महिंद्रा बैंक ने सर्वाधिक 2.09 प्रतिशत की तेजी हासिल की। बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी और एसबीआई के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को काफी हद तक गिरावट के साथ बंद हुए थे।

## राशिफल


**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।


**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।


**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।


**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5473

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 5472 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5484

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5483 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
**203 रन**
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



मुस्तफिजुर रहमान
**07 विकेट**
चेन्नई

# आरसीबी और रॉयल्स को शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी ▶▶| जयपुर

खराब फॉर्म से जूझ रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और शानदार प्रदर्शन कर रही राजस्थान रॉयल्स दोनों को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपने शीर्षक्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। आरसीबी फिलहाल दस टीमों में आठवें स्थान पर है जो उसके खराब प्रदर्शन की बानगी देता है। वहीं रॉयल्स दूसरे स्थान पर है लेकिन उसके शीर्षक्रम ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

आरसीबी के पास शीर्षक्रम में कप्तान फाफ डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार जैसे शानदार आक्रामक बल्लेबाज हैं लेकिन कोई भी एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दो अर्धशतक समेत 203 रन बनाकर आरेंज कैप हासिल कर चुके हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला।



**राजस्थान रॉयल्स**

संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**

डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

### रॉयल्स के ओपनर फेल

रॉयल्स के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अच्छा फॉर्म लेकर आईपीएल में आए थे लेकिन तीन मैचों में 39 रन ही बना सके हैं। जोस बटलर की भी यही कहानी है। इंग्लैंड के टी20 कप्तान ने तीन मैचों में 35 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 85 का रहा है। रॉयल्स की बल्लेबाजी की धुरी कप्तान संजू सैमसन (109 रन) और रियान पराग (181 रन) रहे हैं। दोनों को दूसरे बल्लेबाजों से भी सहयोग की जरूरत होगी।

### राजस्थान का पलड़ा भारी

गेंदबाजी में राजस्थान का पलड़ा भारी है जिसके पास तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के अलावा अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल है। ये तीनों मिलकर 16 विकेट ले चुके हैं। अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने हालांकि तीन मैचों में एक ही विकेट लिया है। आरसीबी के गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज महंगे साबित हुए हैं जिन्होंने 10 से ऊपर की औसत से रन दिए हैं। अल्जारी जोसेफ और रीसे टॉपली भी चल नहीं सके हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा ने फिरोजा को ड्रॉ पर रोका

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से ड्रॉ खेला जबकि डी गुकेश को विदित गुजराती ने ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में पहले दिन चारों मुकाबले ड्रॉ रहे जबकि महिला वर्ग में जोंग्यी तान ने हमवतन टी लेइ को हराया। भारत की आर वैशाली ने हमवतन कोनेरू हम्पी को ड्रॉ पर रोका। रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना ने कैटरीना लागनो से ड्रॉ खेला। वहीं बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा ने अन्ना मुजिचुक को ड्रॉ पर रोका। पुरुष वर्ग में फेबियानो कारुआना और हिकारू नकामूरा का मुकाबला ड्रॉ रहा।

### आर्चर की चोटें चिंता का विषय : ब्रॉड

**मुंबई।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने करिश्माई आल राउंडर बेन स्टोक्स के फिटनेस कारणों से इस साल के टी20 विश्व कप से बाहर रहने के फैसले का समर्थन किया लेकिन तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की चोटों पर चिंता व्यक्त की। ब्रॉड ने कहा कि गत चैंपियन इंग्लैंड को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप में स्टोक्स की कमी खलेगी लेकिन टीम के पास उनकी जगह लेने के लिए काफी खिलाड़ी मौजूद हैं।



### सेंथिल कुमार ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिल कुमार ने आठवीं वरीयता प्राप्त इंग्लैंड के जॉर्ज पार्कर को हराकर हैम्बर्ग में जर्मन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पिछले साल एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल ने 61 मिनट तक चले मुकाबले में 11-5, 11-8, 9-11, 11-9 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मलेशिया के चौथी वरीयता प्राप्त इयेन योउ एंग से होगा। इससे पहले सेंथिल ने मिस्र के यासिन एल्शाफेइ को 6-11, 7-11, 11-6, 11-3, 11-9 से हराया था।

### अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ में जारी अंतर्कलह ने शुक्रवार को नया मोड़ ले लिया जब इसकी कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने अनधिकृत व्यक्तियों को मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने का नोटिस जारी किया। यह नोटिस कार्यकारी परिषद के सदस्यों की बैठक के बाद आईओए कार्यालय पर लगाया गया। आईओए अध्यक्ष पी टी उषा और कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्यों की छह जनवरी को सीईओ पद पर रघुराम अय्यर की नियुक्ति के बाद से ठनी हुई है।

# पेरिस ओलंपिक से पहले आस्ट्रेलिया की चुनौती के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶| पर्थ

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय पुरुष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए शनिवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उम्दा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। इस श्रृंखला से भारत को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत और कमजोरियों को आंकने का मौका मिलेगा।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देना है और उन पहलुओं का पता करना है जिनमें सुधार की जरूरत है। हमारा फोकस अपनी रणनीति पर प्रभावी अमल करके आस्ट्रेलिया की चुनौती का माकूल जवाब देने पर होगा।' भारत ने आखिरी बार 2014 में विदेश में टेस्ट श्रृंखला जीती थी।



### प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन

फरवरी में एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। भारत ने प्रो लीग में भुवनेश्वर में चार में से तीन मैच जीते और राउरकेला में अपराजेय रही। आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे दोनों मैचों में पराजय मिली। दोनों टीमें ओलंपिक में एक ही ग्रुप में है लिहाजा टेस्ट श्रृंखला के जरिए दोनों को एक दूसरे को आंकने का मौका मिलेगा।

### आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम इस चुनौती के लिए तैयार हैं। हमें पता है कि आस्ट्रेलिया कठिन प्रतिद्वंद्वी है लेकिन हमें अपनी क्षमता और तैयारियों पर भरोसा है। हमारा लक्ष्य सिर्फ इस श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन करना नहीं बल्कि एक ईकाई के रूप में खुद को निखारना भी है।'भारत और आस्ट्रेलिया के बीच 2013 से अब तक 43 मैच हुए हैं जिनमें से 28 आस्ट्रेलिया ने और आठ भारत ने जीते जबकि सात मैच ड्रॉ रहे। मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

## खास खबर

### बालाजी-बेजेमैन खिताब से दो कदम दूर



*ह्यूस्टन। भारत के एन श्रीराम बालाजी और जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन की जोड़ी भारत के अर्जुन खाड़े और जीवन नेदुंचेझियान को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ह्यूस्टन ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गई। इससे पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका के राजीव राम और आस्टिन क्राइसेक को हराने वाले बालाजी और बेजेमैन ने 59 मिनट में 6-0, 6-3 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त आस्ट्रेलिया के मैक्स पर्सेल और अमेरिका के जोर्डन थॉम्पसन की जोड़ी से होगा।*

## पंड्या ने भोले के दरबार में टेका मत्था



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में तीन मैच में मुंबई इंडियंस को करारी हार झेलनी पड़ी है। मुश्किल दौर से गुजर रहे कप्तान हार्दिक पंड्या शुक्रवार को गुजरात को सोमनाथ मंदिर पहुंचे। यहां उन्हें भगवान शिव की पूजा की। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और टीम की जीत की दुआ मांगी।

## सेमीफाइनल में पहुंचे युकी-ओलिवेट्टी

**मराकेश।** भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेट्टी ने तीसरी वरीयता प्राप्त निकोलस बारियेंटोस और रफेल माटोस को हराकर एटीपी मराकेश ओपन पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। युकी और अलबानो की गैर वरीय जोड़ी ने कोलंबिया के निकोलस और ब्राजील के रफेल को 7-6, 6-7, 10-7 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रिया के दूसरी वरीयता प्राप्त लुकास मीडलेर और अलेक्जेंडर एर्लेर से होगा।

## ओलंपिक निशानेबाजी ट्रायल में छूट संभव नहीं

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेताओं सहित देश के कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ से पेरिस ओलंपिक चयन ट्रायल के मानदंडों में छूट देने का अनुरोध किया है ताकि वे भी इसमें भाग ले सकें। एनआरएआई के चयन मानदंड के अनुसार, निशानेबाज राष्ट्रीय रैंकिंग और ओलंपिक खेलों की क्वालिफिकेशन रैंकिंग अंकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में केवल पांच निशानेबाज ही ट्रायल के लिए उपस्थित होने के पात्र हैं। पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पिस्टल और राइफल दल का चयन करने के लिए दिल्ली और भोपाल में चार ट्रायल निर्धारित हैं। ट्रायल के विजेता पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का करेंगे। पहले दो ओलंपिक चयन ट्रायल 18 से 27 अप्रैल तक यहां कर्णी सिंह रेंज में आयोजित किए जाएंगे जबकि शेष दो 10 से 19 मई तक भोपाल में आयोजित किए जाएंगे।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट के पहले सेफा में भिडेंगी मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू और संबलपुर यूनिवर्सिटी

- शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला जाएगा दूसरा सेफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनूं



ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) टूर्नामेंट में सात दिन तक चले लीग मुकाबलों के बाद अपने-अपने पूल में टॉप पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबला मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं और संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी सीकर के बीच खेला जाएगा।अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ के बैनर के नीचे श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप लीग मुकाबलों से नॉक आउट दौर में प्रवेश कर गई है। पूल ए में मेजबानी श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने दो मैच जीतकर व एक मैच में वॉकओवर हासिल कर पहले स्थान पर रही और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। पूल बी में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई, संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर ने अपने-अपने लीग के दो-दो मैच जीत कर बराबर अंक अर्जित किए एवं रन रेट के मामले में संबलपुर यूनिवर्सिटी, संबलपुर ने बाकी दोनों यूनिवर्सिटीज को पछाड़ते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पूल सी में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर ने अपने तीनों ही लीग मैच जीत कर पूल में पहला स्थान अर्जित करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जबकि पूल डी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी सीकर ने दो मैच जीतकर एवं एक मैच में वॉकओवर हासिल करते हुए पूल में प्रथम स्थान अर्जित करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण ने बताया कि पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर और श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनू के मध्य खेला जाएगा।

### कोहली पर आईपीएल में भारी दबाव : स्मिथ

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण विराट कोहली पर भारी दबाव है और उनके साथी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करके उनका साथ देना चाहिए।

कोहली ने इस सत्र में आरसीबी के लिए चार मैचों में 67.66 की औसत से 203 रन बनाए हैं जबकि दूसरे स्थान पर दिनेश कार्तिक हैं जो बस 90 रन बना सके हैं। कोहली के अच्छे फॉर्म के बावजूद आरसीबी ने चार में से तीन मैच गंवाए हैं और अंकतालिका में 7वें स्थान पर है। ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसी और कैमरन ग्रीन का बल्ला खामोश ही रहा है।

प्रपत्र सं. - 03 [विनियम-15 (1) (क) /16 (3) देखें

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 2)**
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17ए, चंडीगढ़
(तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आवंटित)

**वाद सं. : OA/3927/2017**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19(4) के तहत सम्मन Exh. No.: 21941

**स्टेट बैंक ऑफ इंडिया**
**बनाम**
**मोहित स्टील्स एवं अन्य**

सेवा में,
(1) **मोहित स्टील्स एवं अन्य,** मैसर्स मोहित स्टील्स, प्रतिवादी संख्या 2 की एकमात्र प्रोपराइटरशिप कंसर्न, इसका व्यावसायिक परिसर वी.पी.ओ. हरिपुर, डाकघर पालुवास, जिला भिवानी, हरियाणा में है, इसके एकमात्र प्रोपराइटर के माध्यम से, प्रतिवादी नं. 2 (उधारकर्ता / एकमात्र प्रोपराइटर)
(2) **श्री प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री उमा शंकर** और निवासी पिपलीवाली जोहरी हनुमान धानी, मुक्ति धाम रोड, जिला भिवानी, हरियाणा, (उधारकर्ता / एकमात्र प्रोपराइटर)
(3) **श्री अशोक कुमार गुप्ता पुत्र श्री उमा शंकर,** और निवासी पिपलीवाली जोहरी हनुमान धानी, मुक्ति धाम रोड, जिला भवानी, हरियाणा, (उधारकर्ता / गारंटर)

**सम्मन**

जबकि, ओए / 3927 / 2017 माननीय पीठासीन अधिकारी / रजिस्ट्रार के समक्ष **06–02–2024** को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण **रु. 2625546 / –** की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन / नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है:
i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन का निस्तारण लम्बित रहने तक, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा / अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक **26–04–2024 को पूर्वा. 10.30** बजे **रजिस्ट्रार** के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

**मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 08–02–2024 को दिया गया।**

**सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर**




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

चिंतन

# बाहरी हस्तक्षेप पर कड़ा जवाब देना बहुत जरूरी

भारत में अठारहवीं लोकसभा के चुनाव आगामी 19 अप्रैल से एक जून तक हो रहे हैं। यह चुनाव ने केवल दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाले भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा आयोजन है। इसका प्रबंधन खासा चुनौतीपूर्ण है। 1.4 अरब की आबादी में करीब सौ करोड़ लोग अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए उन प्रतिनिधियों का चयन करेंगे जिनके हाथों में अगले पांच सालों तक देश की बागडोर होगी। दुनिया में कहीं भी ऐसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। अगर पूरी दुनिया के इतिहास को देखा जाए तो लोकतंत्र की अवधारणा छठी सदी ईसा पूर्व के एथेंस में देखी जा सकती है जहां पहली बार जनता के शासन का विचार सामने रखा गया। समय के साथ 'लोगों' की परिभाषा बदलती गई और इस दौरान यह अधिक समावेशी भी होती गई। भारत के लोकतंत्र में समय-समय पर बदलाव तो किए गए, लेकिन इसके मूल को जस का तस रखा गया। पूरी दुनिया जानती है कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें कितनी गहरी हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बिलकुल सही कहा है कि किसी भी ग्लोबल बॉडी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारत में चुनाव कैसे होना चाहिए। मेरे साथ भारत के लोग हैं। भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों, इसलिए इसके बारे में कोई चिंता न करें। विदेश मंत्री का यह कथन भारत में निष्पक्ष चुनाव को लेकर यूएन की चिंता के जवाब में आया। दरअसल, 29 मार्च को यूएन जनरल सेक्रेटरी के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा था, हम उम्मीद करते हैं कि भारत में सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी। भारत में चुनाव का समय है, ऐसे में सभी नागरिकों को निष्पक्ष माहौल में वोट डालने का मौका मिलना चाहिए। पूरी दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र में बहुमत का शासन होता है, लेकिन केवल संविधान में उल्लिखित नियमों के अनुरूप ही शासन किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव इस दिशा में पहला और अपरिहार्य कदम है। जनता और उसके कल्याण के प्रति जवाबदेह संवैधानिक रूप से सशक्त संस्थानों को मजबूत बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी राष्ट्रीय एजेंडे में प्राथमिकता है। यहां चुनाव में भेदभाव, दबाव या फिर घालमेल का कोई स्थान ही नहीं है। यूएन से पहले अमेरिका और जर्मनी भी ऐसे ही बयान देकर मुंह की खा चुके हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी और जर्मन के दूतावास के अधिकारी को भी तलब किया गया था। दोनों देशों की प्रतिक्रिया दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आई थी। उन्हें यह अहसास होना चाहिए कि भारत में कानूनी प्रक्रियाएं केवल कानून के शासन द्वारा संचालित होती हैं। जिस किसी देश या संस्था, विशेषकर सहयोगी लोकतंत्रों को इस तथ्य की सराहना करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। पिछले कई दिनों से देखने में आ रहा है कि केवल चुनाव ही नहीं खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू के मामले में भी कभी मानवाधिकार तो कभी धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में अमेरिकी एजेंसियों की तरफ से भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। यह नहीं भूला जाना चाहिए कि भारत में क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर उनके संप्रभु नियंत्रण को पहचाना जाता, अन्य संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान भी किया जाता और इसमें बाहरी हस्तक्षेप नहीं होता। इसके साथ ही राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की अवधारणा भारत के मूल में है। अब से पहले भी अनेक ऐसे अवसर आए जब अलग-अलग कारणों के चलते बाहरी हस्तक्षेप से भारत या फिर हमारे लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया गया, लेकिन हमने न केवल उसका मुंहतोड़ जवाब दिया बल्कि पूरी दुनिया को बता दिया कि देश के अंदरूनी मामलों में यह देश किसी प्रकार के दबाव या फिर हस्तक्षेप को सहन न तो करता है और न ही करेगा। अब भारत ने तुरंत और कड़ा जवाब देकर बिलकुल सही कदम उठाया है। विश्व बिरादरी को भी समझ लेना चाहिए कि भारत के लाभ और हानि में क्या है, उसे वो बेहतर ढंग से समझता है।

उपलब्धि
डॉ. सौरभ मालवीय



# महिला सशक्तिकरण पर फोकस

लोकसभा चुनाव सिर पर है। इस बार भी चुनाव में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका में रहेंगी, इसलिए भारतीय जनता पार्टी विकास के मुद्दे के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को लेकर चुनाव प्रचार कर रही है। भाजपा को पूर्ण आशा है कि उसे महिलाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। इसके अनेक कारण हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दस वर्ष के शासन काल में महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किए, अपितु उनके मान-सम्मान को भी विशेष महत्व दिया। वे दावे से कहते हैं कि महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण-ये मोदी की गारंटी है। उनका कहना है कि मोदी ने बहन-बेटियों को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण की गारंटी दी थी। वह पूर्ण हो चुकी है। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलाने की गारंटी भी दी थी। ये गारंटी भी मोदी ने पूरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम प्रमुख है। सितम्बर 2023 पारित यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है। इसके पारित होने से महिलाओं की लम्बित मांग पूर्ण हुई है। इसी प्रकार मुस्लिम महिलाओं के हित में भी निर्णय लेते हुए उन्हें तीन तलाक की कुरीति से मुक्ति दिलवाई। इन सब निर्णयों के कारण ही महिलाओं में मोदी सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा सरकार के प्रयास से आज देश के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। मोदी सरकार महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं रोजगार आदि से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए युद्धस्तर पर शौचालयों का निर्माण करवाया जा रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार देश में विगत नौ वर्षों में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। मोदी सरकार महिलाओं के हित की प्रत्येक छोटी से छोटी बात का भी ध्यान रख रही है। महिलाओं का स्वप्न होता है कि उनका भी अपना निजी मकान हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार निर्धन लोगों को पक्के आवास उपलब्ध करवा रही है। इतना ही नहीं मोदी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी तीव्र गति से कार्य कर रही है। महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षित महिलाओं को स्वरोजगार अर्जित करने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो महिलाएं सिलाई का कार्य जानती हैं तथा उनके पास सिलाई मशीन क्रय करने के लिए धन नहीं हैं उन्हें निशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की जा रही हैं। आत्मनिर्भरता के कारण उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उनके जीवन यापन की शैली में परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि भारत की नारी शक्ति, विकसित भारत की एक सशक्त स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति की आर्थिक शक्ति बढ़े, इसके लिए बीते दस वर्षों में बीजेपी सरकार ने निरंतर कार्य किया है। जनधन योजना के अंतर्गत करोड़ों बहनों के बैंक खाते खोले हैं। इन दस वर्षों में देश में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की संख्या दस करोड़ को पार कर गई है। देश में दस वर्षों में बहनों के इन समूहों को स्वरोजगार के लिए आठ लाख करोड़ रुपये की सहायता बैंकों से दिलवाई गई है। प्रधानमंत्री ने मन की बात में कहा था कि आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी- शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है। देश के कोने-कोने में महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को विस्तार दे रही हैं। इस बार यह देखना अत्यंत रोचक होगा कि महिलाएं उन्हें कितना समर्थन देती हैं। उनका कहना है कि उन्हें उन निर्णयों पर गर्व है जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि उनका तीसरा कार्यकाल भी विकास एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहेगा।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर है, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्थापना दिवस
प्रभात झा

# भाजपा ने देश को दिलाई नई पहचान

अमित शाह ने भाजपा संगठन का कार्य संभालते ही अपने अखंड प्रवास और अनेकानेक कार्यों और कार्यक्रमों से पूरे भारतवर्ष में भाजपा को खड़ा कर विश्व में भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। भाजपा के गठन से दो दिन पूर्व एक बैठक में सवा सौ से अधिक नेताओं ने कहा था कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। ये भाजपा के नेताओं का समर्पण और संगठन है और इसी के बल पर पार्टी इस स्तर पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से भाजपा ने भारत को विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।

चार अप्रैल 1980 की बात है। जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष चंद्रशेखर, मोहन धारिया एवं मधु लिमये जनता पार्टी के जनसंघ घटक से बार-बार कह रहे थे कि आपकी दोहरी सदस्यता नहीं चलेगी। आपको राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से अपनी सदस्यता खत्म करनी होगी। तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी लगातार समझाते रहे कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमारी मातृ संस्था है। संघ में कोई सदस्यता नहीं होती, संघ एक सांस्कृतिक संगठन है, जो देश की संस्कृति, भारतीय परंपरा, राष्ट्रवाद एवं सनातन धर्म के लिए काम करता है। बावजूद इसके जनता पार्टी के अन्य घटक दलों ने नहीं मानी, जबकि सच्चाई यह थी कि आपातकाल के बाद जनसंघ भारत का पहला राजनीतिक दल था जिसने लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने दल का नाम और चुनाव चिह्न दीपक भी मिटा दिया। अटलजी और आडवाणीजी की बात जनता पार्टी नेताओं ने यहां तक कि मोरारजी भाई देसाई जो उस समय प्रधानमंत्री थे, नहीं सुनी। अटल और आडवाणी ने तत्कालीन पूर्व संगठन मंत्री सुंदर सिंह भंडारी से आग्रह किया कि 4 अप्रैल 1980 को सभी प्रांतों और राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख नेताओं की आपात बैठक बुलाई जाए।

मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और ग्वालियर के तत्कालीन सांसद नारायण कृष्ण शेजवलकर भी उस बैठक में गए। मैं समाचारपत्र में था और देश में जनसंघ का पहला अपना निजी कार्यालय जो ग्वालियर में बना था, उसमें रहता था। मैं भी शेजवलकर के साथ बैठक में बतौर पत्रकार चला गया। बैठक प्रारंभ हुई। पहले आडवाणीजी ने जनता पार्टी से उत्पन्न सभी बातें रखीं। उन्होंने कहा कि दोहरी सदस्यता के नाम जनता पार्टी के अन्य घटक हमें संघ के 'स्वयं सेवक' नहीं रहने और उनके कार्यक्रमों के साथ-साथ संघ की सदस्यता छोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने और अटलजी ने जनता पार्टी के नेताओं को बहुत समझाने की कोशिश की और कहा कि संघ में सदस्यता नहीं होती है संघ से हमारा वैचारिक संबंध है, लेकिन जनता पार्टी नेताओं और अन्य घटकों को यह बात समझ में नहीं आई। वहां उपस्थित सर्वश्री जगन्नाथ राव जोशी, भैरो सिंह शेखावत, सुंदर सिंह भंडारी, केदारनाथ साहनी, डॉ मुरली मनोहर जोशी, शांता कुमार, विजय कुमार मल्होत्रा, कुशाभाऊ ठाकरे, जे.पी. माथुर, कैलाशपति मिश्र, उत्तम राव पाटिल, विष्णुकांत शास्त्री, ओ. राजगोपाल, यज्ञदत्त शर्मा, मदनलाल खुराना, अश्विनी कुमार, केशुभाई पटेल, यदुरप्पा जी सहित देश के सौ सवा सौ से अधिक नेताओं ने एक साथ कहा कि हम सबसे पहले स्वयंसेवक हैं और संघ से हमारा नाता मरणोपरांत भी नहीं छूट सकता। इसके लिए भले ही जनता पार्टी छोड़नी पड़े। अंत में सभी की भावना सुनकर अटलजी भाव विभोर हो गए और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और सदैव रहेंगे, लेकिन अब जनता पार्टी के सदस्य नहीं रहेंगे। सभी नेताओं ने एक स्वर से कहा कि हमने जनसंघ राजनीतिक दल जनता पार्टी में मिलाया था, पर जनसंघ के कार्यकर्ता तो आज भी गांव-गांव में हैं। जनसंघ के



कार्यकर्ताओं और संघ के सहयोग के कारण ही जनता पार्टी को देश में इतनी सीटें सन 1977 में आपातकाल खत्म होने के बाद मिली। बैठक में एक समिति सुंदर सिंह भंडारी की अध्यक्षता में बनाई गई और इस समिति को नया दल, नया चुनाव चिह्न और नया संविधान बनाने का कार्य सौंपा गया।

6 अप्रैल 1980 को पुनः देशभर के प्रमुख नेताओं की बैठक हुई और नए दल भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। चुनाव चिह्न कमल का फूल घोषित किया गया और दल का संविधान बनाने का कार्य शुरू हुआ। भाजपा बन गई। इसका पहला अधिवेशन मुंबई के माहिम क्षेत्र में आयोजित किया गया। सभी वरिष्ठ नेतृत्व ने एक स्वर में जनसंघ के तीन बार अध्यक्ष रहे अटल बिहारी वाजपेयी को लाखों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया। उसी शाम अपने अध्यक्षीय भाषण में अटलजी ने कहा 'अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा।' सन 84 में चुनाव हुए। चुनाव के बीच में ही इंदिराजी की हत्या हो गई। भाजपा को देश में सिर्फ दो ही सीटें मिली। एक गुजरात के मेहसाणा से अशोक पटेल और दूसरा आंध्र प्रदेश से जंगा रेड्डी चुनाव जीते। यहां तक कि अटलजी ग्वालियर से 84 के चुनाव में माधवराव सिंधिया से हार गए। अटलजी उठे, कहा कि हम चुनाव हारे हैं लड़ाई नहीं। हम दुगुनी ताकत से पूरे देश में कमल खिलाएंगे। धीरे-धीरे हर लोकसभा चुनाव में भाजपा की संख्या बढ़ती गई। सन 1989 में 85 सीटें और सन 1991 में भाजपा को 120 सीटें मिलीं। एक स्थिति यह आई कि सन 1996 के चुनाव में भाजपा को 182 सीटों पर जीत मिली1 सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने अटलजी को प्रधानमंत्री की शपथ के लिए बुलाया। अटलजी ने प्रधानमंत्री की शपथ ली, लेकिन वह सरकार मात्र 13 दिन तक चलीद्व फिर चुनाव हुए, पुनः भाजपा को सहयोगियों के साथ यानी उस समय के एनडीए के साथ अच्छी सीटें मिली। अटलजी पुनः 13 महीने के लिए प्रधानमंत्री बने। सन 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए की सरकार सभी सहयोगी दलों के सहयोग से बनी और अटलजी तीसरी बार पांच साल तक प्रधानमंत्री बने रहे। फिर सन 2004 में लोकसभा चुनाव में भाजपा पराजित हुई और यूपीए की सरकार बनी। उसके बाद यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री राजनेता कम नौकरशाह रहे डॉ. मनमोहन सिंह बने1 यह सरकार दस साल चली। इन दस सालों में यूपीए सरकार घोटालों में डूब गई। पूरे देश में यूपीए से देश के करोड़ों लोग निराश हो चुके थे, लेकिन इतिहास करवट लेता है। गुजरात में बारह वर्ष सरकार चलाने वाले नरेंद्र मोदी को भाजपा के तत्कालीन अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने उन्हें भाजपा की ओर से भावी प्रधानमंत्री बनाने की दलीय घोषणा की। उनका नाम आते ही देश में एक नए राजनीतिक युग का संचार हुआ। नई आशाएं जगी उम्मीदों की नई किरणें दिखने लगी। नरेंद्र मोदी ने भारत का प्रवास कर पूरे देश का विश्वास जीता और तीस वर्ष बाद किसी एक पार्टी (भाजपा) की बहुमत की सरकार बनी। कुल सीटें भाजपा की 282 एवं एनडीए की 336 आई। अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। संगठन का कार्य संभालते ही अमित भाई ने भाजपा को सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनाकर इतिहास रचा। सन 2024 का यह पहला लोकसभा चुनाव है जहां देश की करोड़ों जनता कह रही है कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी और मोदीजी प्रधानमंत्री। देश ने चुनाव से पहले ही जनस्वरों में परिणाम दे दिया है कि अपनी 45वी वर्षगांठ पर भाजपा तीसरी बार आएगी, कमल खिलेगा।

मोदीजी ने जनसंघ के जमाने में घोषणा पत्र में जो बातें आज तक कही जा रही थी, उसे साकार करने की दिशा में एक पल भी नहीं गंवाया। आज विश्व उनका लोहा मान रहा है। 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद आगामी 5 वर्ष और 2047 तक भारत को विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर ले जाने का आत्मविश्वास दिखाया है। यह बात देशवासियों के मन में इस कदर बैठ गई है कि देश कह रहा है कि 'अबकी बार फिर मोदी सरकार'।

(लेखक पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## ईश्वर की प्राप्ति ही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

## जब काम बड़ा हो तो बुद्धि से काम लें



संकलित
प्रेरणा

गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और इससे संबंधित एक कथा है। शास्त्रों के मुताबिक, एक दिन गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी के बीच प्रतियोगिता हुई कि कौन सबसे पहले संसार का चक्कर लगाकर लौटता है। कार्तिकेय स्वामी का वाहन मयूर यानी मोर है और गणेश जी का वाहन चूहा है, जो कि मोर की अपेक्षा बहुत धीरे चलता है। कार्तिकेय तो अपने वाहन मयूर पर बैठकर उड़ गए, लेकिन गणेश जी का वाहन चूहा है तो उन्होंने विचार किया कि अगर मैं चूहे पर बैठकर संसार की परिक्रमा करूंगा तो बहुत समय लग जाएगा, कार्तिकेय ये प्रतियोगिता जीत जाएंगे। उन्होंने कुछ सोचा और फिर शिव-पार्वती की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। गणेश जी ने कहा कि मेरा संसार को मेरे माता-पिता ही हैं। गणेश जी की बुद्धिमानी से शिव जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने पुत्र गणेश को प्रथम पूज्य होने का वरदान दे दिया। हालांकि इस बात से कार्तिकेय स्वामी गणेश जी के साथ ही शिव-पार्वती से भी नाराज हो गए थे। नाराज होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर रहने चले गए। ये पर्वत वर्तमान में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग जहां है, वहां स्थित है। गणेश जी तो प्रथम पूज्य बन गए, लेकिन नाराज कार्तिकेय को मनाने के लिए शिव-पार्वती ने बहुत कोशिशें कीं। जब कार्तिकेय स्वामी की नाराजगी दूर नहीं हुई, तब शिव-पार्वती ने तय किया कि अब से वे हर अमावस्या और पूर्णिमा पर बारी-बारी से कार्तिकेय से मिलने पहुंचेंगे। मान्यता है कि इसी कथा की वजह से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग में शिव-पार्वती ज्योति स्वरूप में विराजित रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**चुनाव के निकट महंगाई कम करने का अर्थ क्या है**

केंद्र सरकार ने हाल ही में रसोई गैस की कीमतों में दो सौ रुपए तक की कमी की है। इसी तरह व्यावसायिक सिलेंडर के दामों में भी कुछ कमी की गई है। विश्लेषक इसे चुनाव की दृष्टि से देख रहे हैं, तभी तो सरकार ने जैसे ही चुनाव निकट आए, गैस के दामों में कमी कर दी। आखिर सरकार को आभास हो गया कि अगर चुनाव जीतना है, तो दाम तो कम करने ही होंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि सरकार पहले बार-बार दाम बढ़ा देती है, और फिर जनता के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए थोड़े से दाम घटा देती है। मुझे लगता है कि जनता सब कुछ समझती है, वह सरकार की चाल में आने वाली नहीं है।

- प्रियंका खरे, दुर्ग

## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का वंदन



राजस्थान समेत पूरे देश के मेरे परिवारजन तीसरी बार केंद्र में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प ले चुके हैं। प्रदेश की जनता 70% से अधिक वोट के साथ सभी 25 सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाकर मोदी जी के 400 पार के संकल्प को साकार करेगी। जनता-जनार्दन का वंदन और अभिनंदन।

-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### क्रिकेट में निवेश



मुझे क्रिकेट पसंद है, यह कोई रहस्य नहीं है, इसलिए मुझे खुशी है कि हम अधिक युवाओं को खेल में आने के लिए समर्थन दे सकते हैं। हम 900,000 से अधिक युवाओं को क्रिकेट खेलने में मदद के लिए 35 मिलियन पाउंड का निवेश कर रहे हैं।

-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम

### न्याय-पत्र देश की आवाज़



कांग्रेस का 'न्याय-पत्र' देश की आवाज़ है! ये भारत की आकांक्षाओं का दस्तावेज़ है, जिसे जनता ने बनाया और हमने लिखा। दो ऐतिहासिक यात्राओं के माध्यम से हमने लोगों की ज़रूरतों को करीब से समझ कर 5 न्याय और 25 गारंटियों वाला एक ज़मीनी घोषणा पत्र तैयार किया है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### एक्स कॉर्प पता लगाएगा



बॉट्स और ट्रॉल्स का सिस्टम शुद्धिकरण चल रहा है। कृपया एक्स इंजी मुझे उत्तर दें। यदि वैध खाते निलंबित कर दिए गए हैं। एक्स कॉर्प जिम्मेदार लोगों का पता लगाएगा और उन पर कानून की पूरी ताकत लगाएगा।

-एलोन मस्क, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### टेक्सास में हिंदू मंदिर के खिलाफ मामला दायर



अमेरिका के टेक्सास प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति ने एक हिंदू मंदिर और उससे संबंधित कंपनी पर 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है। व्यक्ति के 11 वर्षीय बेटे को 2023 में एक धार्मिक समारोह के दौरान लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी के निवासी विजय चेरुवु ने कहा कि पिछले साल अगस्त में टेक्सास के शुगरलैंड में श्री अष्टलक्ष्मी हिंदू मंदिर में एक धार्मिक समारोह के दौरान उनके बेटे को लोहे की गर्म छड़ से दागा गया था। फोर्ट बेंड काउंटी में इस सप्ताह दायर एक वाद के अनुसार, लड़के को अत्यधिक दर्द हुआ था और उसकी उस जगह की त्वचा विरूपित हो गई थी। मंदिर और उसके मूल संगठन, जीयर एजुकेशनल ट्रस्ट (जेईटी) यूएसए, इंक. के खिलाफ मुकदमे में चेरुवु 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक की क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं। चेरुवु ने यहां कहा, 'मैं हैरान रह गया। मुझे नहीं पता था कि उससे कैसे निपटूं। मेरी प्राथमिक चिंता मेरे बेटे की भलाई है।' उन्होंने कहा कि उनके बेटे के कंधे पर दागकर दो जगहों पर भगवान विष्णु की आकृति बनायी गई थी।

## ऑफ बीट

### क्या एलियन सचमुच हैं और ब्रह्मांड में छिपे हुए हैं ?



क्या एलियन सचमुच हैं, क्या उन्होंने कभी पृथ्वी से संपर्क किया है ? इस बारे में कोई निश्चित कारण या प्रमाण नहीं हैं। इसकी चर्चा भले ही होती है लेकिन इस बारे में कुछ भी विश्वसनीय नहीं है। भौतिक विज्ञानी एनरिको फर्मी को यह अजीब लगा। उन्होंने 1950 के दशक में एक फार्मूला पेश किया जिसे अब 'द फर्मी पैराडॉक्स' कहा जाता है। यह अब भी परग्रही जीवन (सेटी) की खोज और अंतरिक्ष में सिग्नल से संदेश भेजने (मेटी) के लिए महत्वपूर्ण है। पृथ्वी लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी है और जीवन कम से कम 3.5 अरब वर्ष पुराना है। ब्रह्मांड को देखते हुए जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां कई बार घटित होने की संभावना है। तो हर कोई कहां है? यह मुद्दा नेटफ्लिक्स के '3 बॉडी प्रॉब्लम' के पहले एपिसोड में एक किरदार को उलझाता है। ये वेन्जी नामक इस किरदार को एक रेडियो वेधशाला में काम करते हुए, एक एलियन से एक संदेश मिलता है। संदेश प्रेषक खुद को शांतिवादी बताते हुए जवाब न देने का आग्रह करता है और ऐसा न होने पर पृथ्वी पर हमले की चेतावनी भी देता है। या तो आगे की कहानी जानने के लिए श्रृंखला के दूसरे सीज़न तक इंतजार करना होगा।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 न्याय, 25 गारंटी

# जाति जनगणना और चुनावी बॉण्ड, राफेल जांच का वादा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें उसने जाति जनगणना कराने, आरक्षण की सीमा बढ़ा कर 50 प्रतिशत से अधिक करने, किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने तथा चुनावी बॉण्ड, राफेल एवं पेगासस जैसे 'भ्रष्टाचार के मामलों' की जांच कराने का वादा किया है। पार्टी ने नयी शिक्षा नीति में संशोधन करने, दल-बदल करने वालों सांसदों-विधायकों की सदस्यता रद्द करने का कानूनी प्रावधान करने, ऊपरी अदालतों में न्यायाधीशों की नियुक्ति करने के लिए राष्ट्रीय न्यायिक आयोग गठित करने और कई अन्य वादे अपने इस घोषणापत्र में किए हैं। इस घोषणापत्र में पार्टी ने पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' जनता के समक्ष रखी थी। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस घोषणा पत्र में भविष्य के शानदार भारत की तस्वीर नजर आती है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव, संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास करने वालों और इन्हें बचाने की कोशिश करने वालों के बीच होने जा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में यह घोषणापत्र जारी किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।



**'न्याय पत्र' दिया नाम**

- वन नेशन वन इलेक्शन का विरोध। लोकसभा और विधानसभा चुनाव तय समय पर ही करवाएंगे
- न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये, 40 लाख सरकारी नौकरियां, गरीब महिलाओं को एक लाख की मदद, ट्रेनिंग के लिए एक लाख की मदद, शहरी रोजगार गारंटी स्कीम
- देशभर में 25 लाख रुपए तक निशुल्क इलाज के लिए कैशलेस बीमा योजना लागू की जाएगी
- बुजुर्ग महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के तहत 1 लाख सालाना

*10 न्याय - 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय', 'युवा न्याय', 'संविधान न्याय', 'आर्थिक न्याय', 'राज्य न्याय', 'रक्षा न्याय' और 'पर्यावरण न्याय' के आधार पर तैयार किया*

**इससे पहले, पार्टी ने पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' जनता के समक्ष रखी थी। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया**

## लोकसभा चुनाव 2019 के लिए क्या घोषणा-पत्र था?

लोकसभा चुनाव 2019 के लिए क्या घोषणा-पत्र था? कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2019 के लिए जन-आवाज नाम से घोषणा-पत्र जारी किया था। घोषणा-पत्र में किसान और रोजगार सबसे बड़े मुद्दे थे> हर साल 20 फीसदी गरीबों को न्याय योजना के तहत 72 हजार रुपये सालाना आर्थिक मदद। मार्च 2020 तक 22 लाख खाली पड़े पदों पर भर्ती। हिंसक भीड़ पर रोक, लोकसभा में नया कानून। युवाओं को पक्का रोजगार। जीएसटी को आसान। मनरेगा में 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन रोजगार गारंटी। ग्राम पंचायत में 10 लाख नौकरियां। जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा शिक्षा के लिए खर्च। किसान कर्ज न चुका पाएं तो आपराधिक मामला नहीं।

चुरू में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# दस साल का काम तो ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना है

भाषा ▶▶ जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दस साल में किए गए अपने काम को महज एक 'ट्रेलर' (नमूना) और मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाला 'ऐपेटाइजर' बताते हुए कहा कि 'अभी तो पूरी थाली बाकी है' और हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि वे सिर्फ अपना हित देखते हैं, उन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित वर्ग के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सेनाओं का अपमान और देश का विभाजन कांग्रेस की पहचान है। भारतीय सेना की ओर से की गयी एयर एवं सर्जिकल स्ट्राइक की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, 'ये नया भारत है। ये नया भारत घर में घुसकर मारता है।' मोदी चुरू में भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्र में अपनी सरकार के दस साल के कार्यकाल की तुलना रेस्टोरेंट में मुख्य भोजन से पहले परोसे जाने वाले 'ऐपेटाइजर' और फिल्म के ट्रेलर से की। जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है। जो काम इतने दशक में नहीं हुए वे हमने दस साल में कर दिखाए। इसलिए मैं कहता हूं कि जब नीयत सही तो नतीजे सही होते हैं।" मोदी ने कहा, "दस साल में जो हुआ... लोग तो कहते हैं कि बहुत कुछ हुआ। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा, "सेनाओं का अपमान, देश का विभाजन ये कांग्रेस पार्टी की पहचान है।



**भ्रष्टाचार पर हमला**

- लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की यह दूसरी चुनावी रैली
- देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया
- 10 साल में मोदी ने देश में जो काम किए हैं, उन्होंने दुनिया में विकसित भारत की नींव तैयार कर दी
- कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटालों और लूट के कारण देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी
- राजस्थान में मोदी की गारंटी पूरी भाजपा जो भी कहती है, करती है

## घोषणा पत्र में थाईलैंड-न्यूयॉर्क की तस्वीरें भाजपा ने पूछा- भारत के लिए तैयार हुआ

अब कांग्रेस के द्वारा जारी इस घोषणा पत्र को लेकर भाजपा की तरफ से भी प्रतिक्रिया आने लगी है। भाजपा ने इस 'न्याय पत्र' को भ्रम और झूठ का पुलिंदा बताया है। बता दें कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर इस वजह से भी हल्ला बोला जा रहा है क्योंकि इसमें कई वादों के साथ दुनिया के अन्य देशों की तस्वीरें भारत की बताकर लगाई गई है। ऐसे में भाजपा कांग्रेस के ऊपर हमलावर हो गई है।इसको लेकर भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने न्याय पत्र की तस्वीर अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर शेयर करते हुए लिखा, ३ऐसा लगता है कि कांग्रेस भूल गई कि वह भारत के लिए घोषणा पत्र तैयार कर रही है, वह राहुल गांधी के लिए छुट्टियों का कार्यक्रम नहीं बना रही है। पर्यावरण की सफाई वाले पेज पर थाईलैंड की तस्वीर का उपयोग करने से और क्या पता चलता है? इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

**'न्याय पत्र' को भ्रम और झूठ का पुलिंदा बताया**

चुनावी रैलियों का दौर

## केरल में जयशंकर ने फूंकी जान



केरल (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शुक्रवार को केरल में वी. मुरलीधरन के सपोर्ट में रैली की। उन्होंने कहा कि मैंने मुरलीधरन के साथ पांच साल में बहुत करीब से काम किया। हम उन्हें केरल की आवाज के रूप में संसद में लाना चाहते हैं।

## प्रचार विद सेल्फी



त्रिशूर(एजेंसी)। त्रिशूर संसदीय क्षेत्र से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के उम्मीदवार वीएस सुनील कुमार आगामी लोकसभा चुनावों के लिए अपने चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के साथ सेल्फी खिचाई।

## एर्नाकुलम में फूलों से अभिनंदन



एर्नाकुलमः (एजेंसी)। शुक्रवार को एर्नाकुलम सागर से लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) के उम्मीदवार के जे शाइन आगामी लोकसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रचार अभियान में जुटी हैं। इस दौरान प्रचार वाहन में प्रत्याशी को गुलाब का फूल भेंट करते लोग।

# संदेशखालि की महिलाओं पर टिप्पणी के लिए ममता ने मोदी पर साधा निशाना

भाषा ▶▶ जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और भ्रष्टाचार के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और उनकी सरकार ने संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन शोषण में शामिल दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप ३राजनीति से प्रेरित३ हैं । उन्होंने सवाल किया कि धन के उपयोग की निगरानी के लिए केंद्र द्वारा 300 से अधिक केंद्रीय दल भेजे जाने के बावजूद केंद्रीय धन क्यों रोक दिया गया है। उन्होंने कहा, "जब भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप लगा है, हमने कार्रवाई की है और उस व्यक्ति को पार्टी से निकाल दिया है। लेकिन भाजपा का क्या? उन्होंने सभी भ्रष्ट लोगों और अपराधियों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है।३ संदेशखालि में हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए, जहां टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आये थे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कूचबिहार में एक रैली में पीड़ितों के प्रति कथित उदासीनता के लिए राज्य सरकार की आलोचना की थी।



## भाजपा ने महाराष्ट्र के कई हिस्सों से 'धनुष-बाण' चिह्न को गायब किया

मुंबई (भाषा)। शिवसेना (यूबीटी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया है कि उसने महाराष्ट्र के कई हिस्सों से धनुष-बाण चिह्न को गायब कर दिया है, क्योंकि भाजपा ने उन सीट पर भी दावा करना शुरू कर दिया है, जिनपर पहले अविभाजित शिवसेना ने चुनाव लड़ा था। पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के एक संपादकीय में शुक्रवार को उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि अविभाजित शिवसेना महाराष्ट्र की 48 सीट में से 23 पर अपने चुनाव चिह्न धनुष-बाण पर चुनाव लड़ा करती थी। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) की घटक शिवसेना (यूबीटी) ने यह भी दावा किया कि कई मौजूदा शिवसेना सांसदों को फिर से मौका नहीं देने के कदम के पीछे भाजपा आलाकमान का हाथ था।

## रालोद का साथ छोड़ने के बाद शाहिद सिद्दीकी की अखिलेश से मुलाकात सपा में शामिल होने की अटकलें



लखनऊ(एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। राजनीतिक दलों से नेताओं का इस्तीफा और दूसरे दल की सदस्यता ग्रहण करने का सिलसिला भी जारी है। इसी बीच अब राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने वाले शाहिद सिद्दीकी ने सपा अध्यक्ष से बात की। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद से त्यागपत्र देने वाले और पूर्व राज्यसभा सदस्य शाहिद सिद्दीकी ने शुक्रवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की।

## भोजपुरी सिनेमा को सत्यजीत और प्रकाश झा जैसे निर्माताओं की जरूरत: मनोज तिवारी

नई दिल्ली (भाषा)।अभिनेता से राजनेता बने सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि बदलते दौर में आगे बढ़ने के लिए भोजपुरी सिनेमा को सत्यजीत रे और प्रकाश झा जैसे संवेदनशील फिल्म निर्माताओं की जरूरत है। पूर्व भोजपुरी स्टार एवं गायक तिवारी ने कहा कि भारी लोकप्रियता के बावजूद भोजपुरी सिनेमा अब भी राष्ट्रीय स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। तिवारी ने कहा, "हमें भोजपुरी सिनेमा को आगे ले जाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है और इसके लिए हमें प्रकाश झा, सत्यजीत रे साहब जैसे निर्देशकों की भी जरूरत है। हमारे पास बहुत दर्शक हैं, लेकिन हम अब भी उस स्तर तक नहीं पहुंच पाए हैं।" तिवारी ने 'ससुरा बड़ा पैसावाला', 'दारोगा बाबू आई लव यू' और 'बंधन टूटे ना' सहित 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है।



## मप्र के खजुराहो से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन खारिज



पन्ना (भाषा)। मध्यप्रदेश के खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सपा के उम्मीदवार का नामांकन पत्र शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी ने जांच के बाद खारिज कर दिया । कांग्रेस ने विपक्षी इंडिया गठबंधन के सीट बंटवारे की व्यवस्था के तहत यह सीट सपा के लिए छोड़ी थी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पन्ना जिला कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन पत्र खारिज कर दिया है क्योंकि उन्होंने 'बी फॉर्म' पर हस्ताक्षर नहीं किए थे, और 2023 विधानसभा चुनाव मतदाता सूची की प्रमाणित प्रति संलग्न करने में भी असफल रही।

**चुनावी समीकरण**



## बिहारः जेडीयू को झटका, नीतीश के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे कांग्रेस में शामिल

पटना (भाषा)। बिहार के मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी शुक्रवार को यहां कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गये, जिससे ये अटकलें तेज हो गयी हैं कि उन्हें लोकसभा चुनाव में पार्टी अपना उम्मीदवार बना सकती है। जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता महेश्वर हजारी ने हाल ही में विधानसभा के उपाध्यक्ष का पद छोड़ दिया था और अब उनके पास महत्वपूर्ण सूचना और जनसंपर्क विभाग है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने सन्नी हजारी का पार्टी में स्वागत किया। संवाददाताओं ने अखिलेश प्रसाद सिंह से पूछा कि क्या सन्नी हजारी का कांग्रेस में शामिल होना एक बड़ी कामयाबी माना जाए, तो कहा'कांग्रेस द्वारा प्रदेश स्तर पर उम्मीदवार तय नहीं किए जाते हैं। पार्टी की 'स्क्रीनिंग कमेटी' संभावित उम्मीदवारों के नामों की सूची तैयार करती है और इस संबंध में अंतिम निर्णय केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा लिया जाता है।"

## बिहारः महागठबंधन में लौटे मुकेश सहनी राजद का तीन लोस की सीट देने का वादा



पटना (भाषा)। बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी शुक्रवार को राज्य में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नीत महागठबंधन में शामिल हो गए। लगभग तीन साल पहले वह महागठबंधन छोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए थे। राजद नेता तेजस्वी यादव और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के प्रमुख सहनी ने एक संवाददाता सम्मेलन में वीआईपी के महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा की।

भाजपा समर्थित महायुति व कांग्रेस समर्थित महाविकास अघाड़ी में मुकाबला



# महाराष्ट्रः बदले सियासी समीकरण से दिलचस्प मोड़ पर लोकसभा चुनाव

**पिछले लोस चुनाव में अव्वल रही भाजपा**

2019 के चुनाव में 48 में से भाजपा ने सबसे ज्यादा 23 सीटें जीती थीं। उसके सहयोगी दल शिवसेना 18 सांसद बने थे। राजग गठबंधन ने 41 सीटों पर कब्जा किया था। राकांपा को चार सीटें मिली और एक-एक पर कांग्रेस, एआईएमआईएम तथा निर्दलीय प्रत्याशी को मिली थी। 48 सीटों में पांच अनुसूचित जाति के लिए व 4 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं।

ओ.पी. पाल ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की राजनीति के बदले समीकरणों ने इस बार लोकसभा चुनाव को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और महाविकास अघाड़ी गठबंधन के बीच मुकाबला चुनावी मुकाबला माना जा रहा है। प्रमुख दलों राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना में फूट के बाद महाराष्ट्र की 48 सीटों पर पहली बार हो रहे लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों के ढांचागत गणित में भी बदलाव की बयार बह रही है। मसलन इन दोनों प्रमुख दलों का वास्तविक धड़ा महायुति के खेमे में है और कई अन्य दलों के शामिल होने से यह गठबंधन पहले से कहीं ज्यादा मजबूत नजर आ रहा है। इस चुनाव की संभावनाओं को यूं भी कहा जा सकता है कि राजग के मुकाबले, कांग्रेस नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन की राह पहले से भी ज्यादा मुश्किल नजर आ रही है।

**सियासत कभी कुछ परिवारों के ईर्दगिर्द :**

महाराष्ट्र की सियासत कभी कुछ परिवारों के ईर्दगिर्द घूमती रही है और लोकसभा की 48 तथा विधानसभा की 288 सीटों सियासत का गणित तय करने में ऐसे सियासी परिवारों की भूमिका रही है। लेकिन पिछले चुनाव के बाद जिस प्रकार राज्य के प्रमुख दलों में शरद पवार की राकांपा और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बिखराव के बाद अपने चुनाव चिन्ह गंवाने के बाद वैकल्पिक चिन्ह के साथ साथ चुनाव मैदान में हैं। जबकि शिवसेना के वास्तविक नाम व चुनाव चिन्ह को लेकर एकनाथ शिंदे राजग का हिस्सा बनकर राज्य में सरकार चला रहे हैं, जिसमें अजित पंवार गुट की राकांपा भी शामिल है। पिछले पांच साल के भीतर बदले महायुति और महाविकास अघाड़ी गठबंधन के रुप में बदले सियासी गणित को लेकर महाराष्ट्र में इस बार लोकसभा चुनावों पर राजनीतिक विशेषज्ञों की विशेष नजरें लगी हुई है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा व शिवसेना ने 48 में से 41 सीटे जीतकर महागबंधन को धाराशायी किया था, जिसमें भाजपा सबसे ज्यादा सीट लेकर बड़े दल के रुप में उभरी थी।

**ऐसे बिछी सियासत की बिसात**

महाराष्ट्र की सियासत में अंचल या क्षेत्रवार भी अपने आप में महत्वपूर्ण है। इनमें कोंकण क्षेत्र में आर्थिक राजधानी मुंबई समेत छह लोकसभा सीटें आती है। जबकि पश्चिमी महाराष्ट्र में जहां राकांपा व शिवसेना का दबदबा माना जाता है, वहां इस बदले समीकरण में राजग मजबू रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। इसी प्रकार उत्तरी महाराष्ट्र को आदिवासियों और पिछड़े वर्गों की बड़ी आबादी के हिसाब से राजनीति होती है, तो वहीं मराठवाड़ा क्षेत्र, विदर्भ जैसे क्षेत्रों में भी अलग अलग सियासत की बिसात बिछती रही हैं।

**पांच साल में बढ़े 34.69 लाख वोटर**

महाराष्ट्र में 48 लोस सीटों के लिए **9,23,56,251** मतदाताओं का जाल बुना हुआ है। इसमें **4,80,12,139** पुरुष, **4,43,38,525** महिला और **5,587** थर्डजेंडर वोटर शामिल हैं। इस बार के लोस चुनाव में पिछले साल 2019 के चुनाव के मुकाबले **34,69,534** मतदाताओं की संख्या बढ़ी है, जिसमें अब 18 से 29 वर्ष तक के आयु के 1,78,84,862 मतदाता हो गए हैं। राज्य में 85 वर्ष से अधिक आयु के 13,15,166 मतदाताओं में सौ साल की आयु से अधिक की आयु पार कर चुके मतदाताओं की संख्या भी 52,908 है। लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में 97,325 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

**चुनावी मैदान में ये दल उतरे**

***राजगः*** *भाजपा, महायुति (शिव सेना, राकांपा, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना, राष्ट्रीय समाज पक्ष महादेव जानकर) ।*

***इंडिया गठबंधनः*** *कांग्रेस, महाविकास अघाड़ी(शिव सेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सुप्रिया सुले))।*

**अन्य दलः** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन, वंचित बहुजन आघाडी, स्वाभिमानी पक्ष, बहुजन समाज पार्टी, बहुजन विकास अघाड़ी, प्रहार जनशक्ति पार्टी, जन सुराज्य शक्ति, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी।

**पांच चरणों में वोटिंग**

**पहला चरण(19 अप्रैल) :** रामटेक, नागपुर, बांद्रा-गोंडिया, गढ़चिरौली-चिमूर व चंद्रपुर।

**दूसरा चरण(26 अप्रैल):** बुल्ढाना, अकोला, अमरावती, वर्धा, यावतमाल-वसीम, हिंगोली, नांदेड़ और परभानी।

**तीसरा चरण(07 मई):** रायगढ़ बारामती, ओसमानाबाद, लातूर, शोलापुर, मधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरि, कोल्हापुर और हत्कांगले।

**चौथा चरण(13 मई):** नंदुबार, जलगांव, रावर, जलना, औरंगाबाद, अहमदनगर, सिरडी, बीड़, मावल, पुणे और शिरुर।

**पांचवा चरण(20 मई):** धुले, डिंडौरी, नासिक, पालघर, कल्याण, थाने, मुंबई नॉर्थ, मुंबई नॉर्थ वेस्ट, मुंबई नॉर्थ इस्ट, मुंबई नॉर्थ सेंट्रल, मुंबई साउथ सेंट्रल और मुंबई साउथ।


कल रोहतक में
खुलने जा रहा है!
कल्याण
ज्वेलर्स
कल्याण
ज्वेलर्स
KALYAN
JEWELLERS
FLAT
25% OFF
ON MAKING CHARGES
ON ALL PRODUCTS
KALYAN SPECIAL 1g GOLD RATE ₹6415**
SAVE ₹105 per g*
MARKET 1g GOLD RATE ₹6520**
उद्घाटनकर्ता
सुश्री मलाइका अरोड़ा
T & C's apply. Limited period offer. *Savings per gram may vary.
**22ct gold rate for 1g on 05/04/2024 at 02:00 p.m. at Gurgaon.
LARGEST COLLECTION IN GOLD & DIAMOND JEWELLERY
SPACIOUS SHOWROOM
AMPLE CAR PARKING FACILITY
ROHTAK - BUILDING NO - 887/22 JHANG COLONY, DELHI ROAD, OPP. ROHTAK CENTRAL CO-OPERATIVE BANK. CRM NO.: 84455 43133
FOR MORE DETAILS CONTACT US ON TOLL FREE NUMBER: 1800 425 7333 | WWW.KALYANJEWELLERS.NET | FOLLOW US ON
BUY ONLINE @ WWW.CANDERE.COM | FOR FRANCHISE ENQUIRIES WRITE TO FRANCHISEE.ENQUIRY@KALYANJEWELLERS.NET